PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 166 ● भिलाई, मंगलवार 06 जनवरी 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### एक परिवार के तीन लोग लापता ड्रोन से तलाश

**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के तीन लोग रहस्यमय हालत में लापता हो गए हैं। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस गांव में सर्च ऑपरेशन चल रही है। ड्रोन से गांव और खेतों में फुटेज जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। घर के अंदर बिस्तर पर खून फैला होने से शक गहरा गया है। शनिवार को बड़े भाई ने अपने छोटे भाई पर फायरिंग कर दी थी। कंधे में गोली लगने से छोटा भाई जख्मी हो गया था। पुलिस उसे अस्पताल ले गई थी। इसी बीच जख्मी युवक के पिता, बहन और भांजी अचानक लापता हो गए। पिता के पास मोबाइल है जो शनिवार से ऑफ है। पुलिस ने ताला तोड़ घर की तलाशी ली। अब गांव वालों से पूछताछ की जा रही है। परिवार वालों का कहना कि फायरिंग करने वाला मुकेश पटेल तीनों को अगवा कर ले गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के लोकपुर बिसानी गांव निवासी राम सिंह के दो बेटे हैं। मुकेश पटेल (बड़ा) और मुकुंद लाल पटेल (छोटा) बेटा है। मुकेश पटेल शादीशुदा है और अपनी पत्नी के साथ परिवार से अलग रहता है।

### पेड़ से टकराई कार,2 लोगों की मौत, 3 घायल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह घटना कोटा थाना के बेलगहना चौकी क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि कार सवार श्रद्धालु पूर्णिमा स्नान करने रायपुर से अमरकंटक जा रहे थे, तभी ये हादसा हुआ। दरअसल, रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के कचना निवासी रामकुमार धीवर, दलदल सिवनी निवासी अपने दोस्त निलेश्वर धीवर (38), खरोरा मजेठा निवासी सुखसागर मानिकपुरी (39), दलदल सिवनी के अमित चंद्रवंशी और राजकुमार साहू के साथ पूर्णिमा स्नान करने के लिए अमरकंटक जाने के लिए निकले थे। सुबह करीब 9 बजे उनकी कार बेलगहना चौकी क्षेत्र के ग्राम भसको के पास पहुंची। इसी दौरान जंगल में तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में रामकुमार धीवर और राजकुमार साहू को गंभीर चोटें आई, जिससे दोनों की मौत हो गई। निलेश्वर और उनके 2 साथी घायल हो गए। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### भस्म आरती में शामिल हुई भारतीय महिला क्रिकेटर

**उज्जैन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौड़ ने विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर के दर्शन किए। अल सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल हुईं। उन्होंने नंदी हाल में बैठकर पूरी आरती के दर्शन लाभ लिए। वहीं मंदिर समिति ने मध्य प्रदेश की खिलाड़ी का सम्मान किया। वर्ल्ड कप से पहले पूरी टीम महाकाल मंदिर पहुंची थीं और टीम ने जीत की मन्नत मांगी थी। महिला भारतीय क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौड़ उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। वे रविवार की सुबह भस्मारती में

तीन हफ्ते के भीतर पांचवीं वारदात

# बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

ढाका। एजेंसी

बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। तीन हफ्ते के भीतर यह पांचवीं घटना बताया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, घटना बांग्लादेश के जेसोरे जिले के मोनिरामपुर उपजिला में हुई। मृतक की पहचान राणा प्रताप बैरागी के रूप में हुई है। बैरागी को अपराधियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। यह घटना आज दोपहर हुई। राणा प्रताप बैरागी केशबपुर उपजिला के निवासी थे। उन्हें मोनिरामपुर उपजिला के कपालिया बाजार में गोली मार दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, राणा प्रताप सोमवार शाम करीब छह बजे कपालिया बाजार में थे, जब अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं। वह गंभीर रूप से घायल हो गए और वहीं गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई। बैरागी की हत्या बांग्लादेश में हुई ऐसी पांचवीं घटना है। पिछले महीने दक्षिणपंथी नेता उस्मान हादी की मौत के बाद से देश में तनाव का माहौल बना हुआ है। सबसे पहले 18 दिसंबर को मैमेनसिंह में एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू चंद्र दास पर भीड़ ने हमला किया और पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी। इस घटना के छह दिन बाद, पांग्शा उपजिला में अमृत मंडल नाम के एक और हिंदू व्यक्ति की ईशनिंदा के आरोप में भीड़



ने हत्या कर दी। इसके बाद मैमेनसिंह में बजेंद्र बिस्वास की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसी महीने की शुरुआत में 50 वर्षीय हिंदू व्यापारी खोकोन दास पर भी भीड़ ने हमला किया और उन्हें जिंदा जला दिया, जब वह काम से लौट रहे थे। कई दिनों तक जिंदगी और मौत से लड़ने के बाद दास की शनिवार तीन जनवरी को मौत हो गई। पिछले महीने भारत ने बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या को लेकर चिंता जताई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के तहत पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हमले की 2,900 से अधिक घटनाएं सामने आई हैं। 26 दिसंबर को मीडिया को संबोधित करते हुए जायसवाल ने कहा था कि बांग्लादेश में हिंदू, ईसाई और बौद्ध अल्पसंख्यकों के खिलाफ चरमपंथियों के लगातार हमले गंभीर चिंता का विषय है। इससे पहले, गुरुवार को भी बांग्लादेश में एक हिंदू व्यापारी पर गंभीर हमला हुआ था. अज्ञात बदमाशों ने उस व्यक्ति पर हमला किया और उसके बाद पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की. इस हमले का शिकार चंद्र दास नामक हिंदू व्यापारी हुए थे.

### अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला खिड़कियां टूटीं; हिरासत में संदिग्ध आरोपी

अमेरिका के सिनसिनाटी में उप राष्ट्रपति जेडी वांस के घर पर रात (स्थानीय समय) में हमला किया गया, जिसमें कई खिड़कियां टूट गईं। इस घटना के बाद सीक्रेट सर्विस और स्थानीय पुलिस ने प्रतिक्रिया दी। सीक्रेट सर्विस के एजेंट सोमवार की सुबह जल्दी ईस्ट वालनट हिल्स स्थित घर पर पहुंचे। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। हालांकि अधिकारियों ने यह पुष्टि नहीं की है कि उसके खिलाफकोई मामला दर्ज किया गया है या नहीं। पुलिस ने स्थानीय टेलीविजन चैनल डब्ल्यूसीपीओ को बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। लेकिन और कोई जानकारी साझा नहीं की। इस बात की तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी कि घटना के समय वेंस घर पर थे या नहीं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उन्हें शुक्रवार को फ्लोरिडा में देखा गया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ वेस्ट पाम बीच में राष्ट्रपति के गोल्फक्लब में समय बिताया था।

जेल से बाहर नहीं आएंगे उमर और शरजील इमाम

# आजादी से वंचित करना मनमाना नहीं-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में आरोपी उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं पर आज फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद, शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, उमर खालिद और शरजील इमाम के रोल की तुलना दूसरे आरोपियों से नहीं की जा सकती। दोनों की भूमिका दूसरे आरोपियों से अलग फुटिंग पर है। इसके अलावा इस मामले में बाकी 5 आरोपियों को शीर्ष अदालत ने बेल दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने मीरान हैदर ,गुल्फिशा फातिमा, शिफा उर



रहमान , मुहम्मद शकील खान और शादाब अहमद कई शर्तों के साथ जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा, 'अनुच्छेद 21 संवैधानिक व्यवस्था में एक खास जगह रखता है। ट्रायल से पहले जेल को सजा नहीं माना जा सकता।

कश्मीर-उत्तराखंड में होगी बर्फबारी

# 7 दिनों के लिए दिल्ली समेत 11 राज्यों में अलर्ट जारी कोहरे और शीतलहर का बढ़ेगा प्रकोप.....

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड है। इसके साथ ही कोहरे के कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। अब भारत मौसम विभाग ने उत्तर भारत और उससे सटे मध्य भारत के लिए गंभीर मौसम चेतावनी जारी है। उनके अनुसार अगले 7 दिनों तक रात और सुबह में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। कई राज्यों में शीतलहर का भी कहर जारी रहेगा। उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम मध्य प्रदेश और बिहार के कुछ इलाकों में आज शीत दिवस की स्थिति रहने की संभावना है। इसके अतिरिक्त 5 से 8 जनवरी के बीच पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में, 5 से 9 जनवरी पश्चिमी राजस्थान में, 5 से 10 जनवरी पूर्वी राजस्थान में और 6-7 जनवरी को झारखंड में शीतलहर की संभावना है। आईएमडी ने आज और कल उत्तर और मध्य कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तराखंड के कुछ इलाकों में छह जनवरी को बारिश हो सकती है।



अगले तीन दिन मध्य और पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। उसके बाद अगले चार दिनों तक तापमान में खास बदलाव नहीं होगा। दिल्ली-एनसीआर में मौसम मुख्य रूप से साफ रहेगा। सुबह में कई स्थानों पर हल्की धुंध छाई रही। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही। छह जनवरी के बीच कुछ इलाकों में शीतलहर चलने की आशंका है। उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड है। रविवार को कानपुर की रात सबसे सर्द रही। सोमवार को मौसम विभाग ने प्रदेश के सभी हिस्सों में ठंड का असर बढ़ने की आशंका जताई है। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी से लेकर मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा तक उत्तर पश्चिमी हवाओं का असर दिखेगा।

स्टालिन पर साधा निशाना

# देश की सबसे भ्रष्ट सरकार तमिलनाडु में- अमित शाह

नई दिल्ली/ एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के पुदुक्कोट्टई में राजनीतिक पारा गरमा दिया। तमिलगम थलाई निमिरा तमिलनिन पायनम यात्रा के समापन समारोह में बोलते हुए उन्होंने एक बड़ी भविष्यवाणी की। शाह ने ताल ठोक कर कहा कि 2026 में तमिलनाडु में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने राज्य की जनता से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे भारत के विकास रथ में अपने राज्य को भी शामिल करें। शाह ने स्पष्ट किया कि आगामी



चुनावों में भाजपा और एआईएडीएमके अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कांग्रेस और डीएमके का कड़ा मुकाबला करेंगे। उन्होंने डीएमके सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। शाह ने जोर देकर कहा कि अगर देश में कहीं सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है, तो वह दुर्भाग्य से तमिलनाडु में ही है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके ने अपने घोषणापत्र के सबसे कम वादों को पूरा किया है और जनता को निराश किया है। अमित शाह ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार का एकमात्र उद्देश्य स्टालिन के पुत्र उदयनिधि को मुख्यमंत्री बनाना रह गया है। उन्होंने कहा कि पहले करुणानिधि, फिर स्टालिन और अब उदयनिधि, लेकिन तमिलनाडु में वंशवाद की इस राजनीति का अंत करने का समय अब आ गया है।

### आप सरकार ने शासन करने की इच्छाशक्ति खो दी है : वड़िंग

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने पंजाब में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने हाल ही के दिनों में हत्याओं और हिंसक घटनाओं में हुई बढ़ोतरी का हवाला देते हुए, कहा कि बेलगाम हत्याओं के बीच बेबसी के चलते हर पंजाबी का खून खौल रहा है, क्योंकि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों से भी कम समय में जघन्य अपराधों की छह घटनाएं सामने आ चुकी हैं और आम आदमी पार्टी की सरकार जनता को यह विश्वास दिलाने की कोशिश कर रही है कि सब चंगा है। उन्होंने कहा कि जहां पूरे राज्य में भय का माहौल बना हुआ है।

फडणवीस के बयान पर पठान का पलटवार

# मुस्लिम महिला बनेंगी मुंबई की अब मेयर-वारिस पठान

मुंबई/ एजेंसी

मुंबई महा नगर पालिका चुनावों की आहट के साथ ही महाराष्ट्र की राजनीति में 'मेयर की कुर्सी' को लेकर ध्रुवीकरण तेज हो गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड्णवीस के हालिया बयान ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है, जिस पर नेता वारिस पठान ने कड़ी आपत्ति जताई है। धारावी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए वारिस पठान ने मुख्यमंत्री के उस दावे को सीधे चुनौती दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुंबई का मेयर केवल 'हिंदू मराठी' ही होगा।



पठान ने इसे लोकतंत्र और भारतीय संविधान का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि देश का कानून किसी भी नागरिक को उसकी जाति या धर्म के आधार पर ऊंचे पदों से वंचित नहीं करता। पठान ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फड्णवीस से सवाल किया कि अगर देश में मुस्लिम राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल और मुख्यमंत्री बन सकते हैं, तो मुंबई की मेयर एक मुस्लिम महिला क्यों नहीं बन सकती? उन्होंने भावुक होते हुए कहा, हमारा सपना है कि एक दिन कलमा पढ़ने वाली और हिजाब पहनने वाली मुस्लिम बेटी मुंबई की मेयर बने। उन्होंने फड्णवीस को याद दिलाया कि उन्होंने संविधान की शपथ ली है, जो समानता का अधिकार देता है। वारिस पठान ने केवल बीजेपी को ही नहीं, बल्कि कांग्रेस और उद्धव ठाकरे को भी आड़े हाथों लिया।

पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

# मंत्रिमंडल विस्तार और मिशान 2027 पर हुआ गहन मंथन

नई दिल्ली/ एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से प्रधानमंत्री आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने मंत्रिमंडल विस्तार और 2027 के चुनावों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने राज्य की विकास योजनाओं के साथ-साथ आगामी चुनावों के लिए राजनीतिक रणनीति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद, मुख्यमंत्री योगी के दोपहर 3:30 बजे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करने की उम्मीद है। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चाएँ तेज़ हो रही हैं। पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद, राज्य मंत्रिपरिषद का लंबे समय से प्रतीक्षित विस्तार और संगठन में बदलाव पार्टी के एजेंडे में अगला कदम है। मंत्रिमंडल विस्तार संभवतः 14-15 जनवरी, 2026 को मकर संक्रांति के त्योहार के बाद होगा। इसके अलावा, आयोगों, बोर्डों और परिषदों में राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू होगी। हाल के दिनों में भाजपा में कई बदलाव देखने को मिले हैं। हाल ही में, भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करके सबको चौंका दिया, वहीं उत्तर प्रदेश में पंकज चौधरी को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र नेता



थे। इसके अलावा, भाजपा तब सुर्खियों में आई जब कई ब्राह्मण विधायकों ने एक साथ भोज में भाग लिया। इससे उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई और मामला दिल्ली तक पहुंच गया। दरअसल, कुछ दिन पहले पीएन पाठक के लखनऊ स्थित आवास पर ब्राह्मण भाजपा विधायकों की एक बैठक हुई थी। इस बैठक को सहभोज कहा गया। बैठक में लगभग 40 विधायक और एमएलसी शामिल हुए। दरअसल, यह बैठक इसलिए भी सुर्खियों में थी क्योंकि इससे कुछ समय पहले ठाकुर विधायकों ने भी दो बैठकें की थीं। राज्य सरकार के मंत्री जयवीर सिंह और दयाशंकर सिंह, अन्य मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक में शामिल हुए थे। पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने भी विधायकों, सांसदों और लोध समुदाय के नेताओं का एक सम्मेलन आयोजित किया था। हालांकि, उस समय पार्टी ने कोई आपत्ति नहीं जताई थी। कुर्मी बौद्धिक विचार मंच के बैनर तले भाजपा के कुर्मी विधायकों ने भी इसी तरह की बैठक की थी। तब भी मामला इतना गंभीर नहीं हुआ था।खबरों के मुताबिक, बैठक में 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भी रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन की मजबूती, जमीनी फीडबैक, क्षेत्रीय संतुलन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### क्यों अहम है सीएम योगी का दिल्ली दौरा?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दिल्ली दौरा कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीएम योगी ऐसे समय में दिल्ली पहुंचे हैं, जब उत्तर प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम, केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भी दिल्ली में मौजूद हैं। ब्रजेश पाठक ने सोमवार को भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की, जिससे यह संकेत मिलता है कि दिल्ली में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हो रही है। उत्तर प्रदेश कैबिनेट में कई पद खाली पड़े हुए हैं, और मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावना पर चर्चा हो रही है। खासकर, नए चेहरों को शामिल करने और कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह संभावना जताई जा रही है कि दिल्ली में पार्टी के हाईकमान के साथ बैठकर इस पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

CMYK

# दुलारपाली में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**भंवरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना की शताब्दी वर्ष के अवसर पर ग्राम दुलारपाली में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन रखा गया। जिसमें परिक्षेत्र के सभी गांव के साथ-साथ अन्य मंडलों के हिंदू भाई-बहनें भी शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभातफेरी से हुआ जिसमें मातृशक्ति एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा जय श्रीराम, वंदे मातरम भारत माता की जय नारा लगाते हुए हिन्दू समाज की एकता के साथा-साथ नशा मुक्त समाज की स्थापना हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। प्रभातफेरी गांव के सभी गलियों का भ्रमण करते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के तैल चित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि पं. पद्मलोचन त्रिपाठी थे। मुख्य वक्ता जिला संयोजक






आदित्य साहू थे। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ नमिता साहू सरायपाली, बौद्धिक विभाग प्रमुख राजिम खीरसागर पटेल एवं खण्ड प्रमुख बसना सत्यप्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पद्मलोचन त्रिपाठी ने भगवान राम एवं योगीराज श्रीकृष्ण के आदर्शों को संगीतमय प्रवचन के माध्यम से सुना कर हिंदू धर्म की विशालता एवं विराटता को बताया। मुख्य वक्ता जिला संयोजक आदित्य साहू ने भारत को शक्तिशाली व समृद्ध बनाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के संघर्ष, त्याग, तप एवं बलिदान का विस्तृत वर्णन किया। साथ ही उपस्थित लोगों से एकता के सूत्र में बंधे रहने व राष्ट्र धर्म का पालन करने की अपील की। विशिष्ट वक्ता खीरसागर पटेल ने हिंदू धर्म की समन्वयवादी दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए कहा कि जो व्यक्ति मातृभूमि की निस्वार्थ सेवा करता है, परिश्रम से कमाता है, हर परिस्थिति में ईमानदार बना रहता है और जनसेवा को धर्म मानता है वही सच्चा हिंदू है। डॉ नमिता अग्रवाल ने कहा कि घर परिवार समाज व देश के नवनिर्माण के साथ साथ सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षा में मातृशक्ति विशेष योगदान रहा है। बसना खण्ड प्रमुख सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने सफल आयोजन के लिए दुलारपाली मंडल को बधाई दी एवं सदा संगठित रहने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक खेमलाल साहू, सहसंयोजक मुंगराम साहू, देवेंद्र साहू के नेतृत्व में ग्राम समिति दुलारपाली के साथ साथ दुलारपाली परिक्षेत्र के सभी नौ गाँवों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दुलारपाली व बेंदारी के बालिकाओं द्वारा त्रेता युग, द्वापर युग की झांकी के साथ गांव की देवी देवताओं को जोहार करते शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में जनपद सदस्य संतोषी मुन्ना अग्रवाल, दुलारपाली सरपंच देवकी पारसमणी पटेल, सरपंच सुखापाली रामायण बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमानन्द भोई ने एवं आभार व्यक्त पारसमणी पटेल ने किया।

## सार्वजनिक जीवन में मर्यादाओं के विपरित आचरण स्वीकार्य नहीं : विजय मोटवानी



**धमतरी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा स्तरहीन टिप्पणी करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव की तुलना बंदर से किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सहित साहू समाज के लोग आक्रोशित हैं। वहीं ऐसे आचरण पर ऐतराज जताते हुए नगर निगम के लोक निर्माण विभाग सभापति विजय मोटवानी ने इसे सार्वजनिक जीवन में मर्यादा के विपरीत व्यवहार बताते हुए ऐसे वक्तव्य की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि राजनीति में सुचिता के संस्कार की लक्ष्मण रेखा को लांघना नहीं चाहिए। बघेल द्वारा जो बातें कही गई है वह वास्तव में अमर्यादित एवं निंदनीय है जिसके लिए उन्हें क्षमा याचना करते हुए गलती भविष्य में न दोहराने के लिए आश्वस्व करते हुए मानकर लोक मर्यादाओं की नियत मापदंडों का पालन करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए यही वर्तमान समय की मांग है। अन्यथा हम भाजपा के कार्यकर्ता लोकतांत्रिक पद्धति से आगे कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे।

## छत्तीसगढ़ पर्यटन के क्षेत्र में एक नया हब बनने जा रहा : ठाकुर

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे उपलब्धिपूर्ण कायों की सराहना की है। ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ पर्यटन विकास की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ को पर्यटन हब बनाने की दिशा में सतत पहल कर रहे हैं। बस्तर और सुदूर वनांचल क्षेत्रों में वहाँ की संस्कृति और संस्कार को देखने के लिए होम स्टेज जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। भोरमदेव, स्वदेश दर्शन योजना के तहत 146 करोड़ रुपए खर्च करके वहाँ जो विकास कार्य होंगे, डोंगरगढ़, बम्लेश्वरी, महामाया और दन्तेश्वरी सहित सभी प्रमुख स्थलों में स्थित पीठों में जिस तरह विकास के कार्य चल रहे हैं, निश्चित ही आने वाले समय में छत्तीसगढ़ पर्यटन के क्षेत्र में एक नया हब बनने जा रहा है।



## भाटापारा को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए 'डोर टू डोर' कचरा संग्रहण में सहयोग करें : अश्वनी शर्मा

**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और भाटापारा को प्रदेश के अग्रणी स्वच्छ शहरों की श्रेणी में लाने के लिए नगरवासियों से विशेष अपील की है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे नगर पालिका द्वारा संचालित 'डोर टू डोर' (घर-घर) कचरा कलेक्शन अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि शहर की सफाई केवल सफाई कामगारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें हर नागरिक का योगदान आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया कचरे का पृथककरण: घर से निकलने वाले कचरे



को सूखा और गीला अलग-अलग डस्टबिन में रखें। इससे कचरे के निपटान में आसानी होती है। गाड़ी का इंतजार करें कचरा इधर-उधर या खुले नालों में न फेंकें। जब नगर पालिका की कचरा संग्रहण गाड़ी आपके वार्ड में आए, तभी कचरा उन्हें सौंपें। प्रतिबंधित प्लास्टिक का त्याग सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, क्योंकि यह पर्यावरण और नालियों की निकासी व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा खतरा है। स्वच्छता दूतों का सम्मान कचरा संग्रहण के लिए आने वाले स्वच्छता दीदियों और कर्मचारियों का सहयोग करें। अश्वनी शर्मा अध्यक्ष ने कहा हमारा लक्ष्य भाटापारा को कचरा मुक्त और बीमारी मुक्त शहर बनाना है। यदि हर परिवार कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने का संकल्प ले ले, तो हमारे शहर की गलियां और चौक-चौराहों की सूरत बदल जाएगी। आइए, हम सब मिलकर अपने भाटापारा को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। नगर पालिका प्रशासन ने यह भी सूचित किया है कि यदि किसी वार्ड में कचरा गाड़ी समय पर नहीं पहुंच रही है या सफाई से जुड़ी कोई समस्या है, तो नागरिक सीधे नगर पालिका कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# सेंट्रिंग प्लेट के माध्यम से जामुन साहू बनीं आत्मनिर्भर

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त मिसाल बन रही है। यह योजना न केवल महिलाओं को संगठित कर रही है, बल्कि उन्हें स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर भी बना रही है। इसी का प्रेरक उदाहरण हैं धमतरी जिले के ग्राम पंचायत लिमतरा की जय शिव शक्ति स्व.सहायता समूह की सदस्य जामुन साहू, जिन्होंने सेंट्रिंग प्लेट के व्यवसाय को अपनाकर आर्थिक सशक्तिकरण की नई कहानी लिखी है। जामुन साहू बिहान योजना से जुड़कर स्व.सहायता समूह की सक्रिय सदस्य बनीं। वे आंचल महिला संकुल स्तरीय संगठन सीएलएफ सम्बलपुर से भी जुड़ी रहीं और समूह के माध्यम से रिसोर्स बुक कीपर के रूप में कार्य किया। इस दौरान उन्हें आजीविका के नए अवसरों को समझने और आगे बढ़ने



की प्रेरणा मिली। निरंतर सीखने की जिज्ञासा और कुछ नया करने के संकल्प ने उन्हें सेंट्रिंग प्लेट के व्यवसाय की ओर अग्रसर किया। जामुन साहू ने समूह के सहयोग से 10 हजार रुपये का बैंक ऋण तथा 60 हजार रुपये का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड ऋण प्राप्त कर लगभग 3 हजार वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट खरीदी। वे इन सेंट्रिंग प्लेटों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बन रहे पक्के मकानों के निर्माण हेतु किराये पर उपलब्ध कराती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के मकानों की संख्या बढ़ने से सेंट्रिंग प्लेट की मांग लगातार बढ़ रही है, जिसका सीधा लाभ उनके व्यवसाय को मिल रहा है। स्थिति यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव में बन रहे आवासों के लिए उन्हें पहले से एडवांस बुकिंग मिलने लगी है। इससे साहू को वर्षभर में औसतन लगभग डेढ़ लाख रुपये तक की अतिरिक्त आमदनी हो रही है। इस आय से उन्होंने समय पर बैंक ऋण का भुगतान कर दिया है और परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ बनाया है।

साथ ही यह व्यवसाय स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक असर जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जामुन साहू बताती हैं कि उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि भी मिल रही है। जिससे वे घरेलू आवश्यकताओं और छोटे खर्चों का प्रबंधन सहजता से कर पा रही हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस सफलता पर कहा कि बिहान योजना के माध्यम से महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना विकसित हो रही है। जामुन साहू जैसी महिलाएं यह सिद्ध कर रही हैं कि सही मार्गदर्शन, वित्तीय सहयोग और आत्मविश्वास से ग्रामीण महिलाएं भी सफल उद्यमी बन सकती हैं। जिला प्रशासन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु हरसंभव सहयोग करता रहेगा। जामुन साहू न केवल अपने परिवार के लिए संबल बनी हैं, बल्कि आसपास की अनेक महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बन गई हैं। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग कर महिलाएं आत्मनिर्भरता और समृद्धि की नई राह बना सकती हैं।



**भाटापारा।** क्षेत्र के लिये यह गर्व कि बात है कि हमारे क्षेत्र के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक व व्यवसायी लक्ष्मीनारायण सोनी (लड्डू सोनी) को अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष (कानून प्रवर्तक) के रुप मे नियुक्त किया गया है जो भाटापारा क्षेत्र के लिये गर्व का विषय है। आप सदैव इस पद से मानव सेवा लोक कल्याण के क्षेत्र मे सदैव अग्रसर रहे एवं अपने गरिमामय पद को सुशोभित करते रहे इसी इस गौरव शाली अवसर पर ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया संघ के द्वारा हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिये गये।

## करंट से जंगली सुअर शिकार के मामले मे दो आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** ज़ी.आई.तार में विद्युत प्रवाह कर जंगली सुअर का शिकार के मामले में वन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। न्यायिक रिमांड पर आरोपियों को जिला जेल बलौदाबाजार भेजा गया है। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार एवं उप वनमण्डलाधिकारी कसडोल अनिल वर्मा के नेतृत्व में 31 दिसम्बर 2025 की रात्रि गश्त के दौरान सोनाखान परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 238 में 11 के.व्ही. विद्युत लाइन से जी.आई. तार द्वारा अवैध हुकिंग किया जाना पाया गया। मौके का निरीक्षण किए जाने पर लहुरसिंग के खेत में एक जंगली सुअर मृत अवस्था में पाया गया। मृत जंगली सुअर के समीप से ही



जी.आई. तार गुजरता हुआ पाया गया। उक्त प्रकरण में संदिग्ध अभियुक्त सुरेश पिता गोसाईराम बरिहा, उम्र 37 वर्ष, ग्राम वीरनारायणपुर तथा अंजोर सिंह पिता रामसिंह बिंझवार, उम्र 35 वर्ष, ग्राम सोनाखान से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों द्वारा वन्यप्राणी के शिकार हेतु विद्युत करंट लगाए जाने की बात स्वीकार की गई। उक्त कृत्य के लिए वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 (यथा संशोधित अधिनियम, 2022) की धाराओं के उल्लंघन अंतर्गत पी.ओ.आर. क्रमांक 16440/04, 01/01/2026 दर्ज किया गया। मृत जंगली सुअर का शव परीक्षण योगेश कुमार साहू, पशु चिकित्सा अधिकारी, हसुआ द्वारा कराए जाने के पश्चात पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई की गई। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कसडोल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल बलौदाबाजार भेजा गया। कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान दीपक कौशिक, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल मुकेश कश्यप, वनरक्षक मुकुल बघेल, खगेश्वर ध्रुव, बुद्धेश्वर दिवाकर सहित सुरक्षा श्रमिक में शामिल रहे।

## चाकू से हमले के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी।** सिहावा चौक के पास हिंदू अनाथालय के समीप 02 जनवरी 2026 की रात्रि में विकाश मानिकपुरी, मनीष सिन्हा एवं रोहन ठाकुर बैठे हुए थे। उसी दौरान मोहल्ले का निवासी साहिल खत्री वहां पहुँचा। पूर्व में हुए पैसों के लेनदेन को लेकर मनीष सिन्हा द्वारा बात करने पर आरोपी साहिल खत्री ने आपा खोते हुए अपने पास रखे धारदार चाकू से मनीष सिन्हा के पेट एवं पीठ पर प्राणघातक वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे उसके पेट से आंत आंतड़ी तक बाहर आ गई तथा गंभीर रक्तस्राव हुआ। बीच.बचाव करने पर विकाश मानिकपुरी के हाथ में भी चोट आई। घायलों को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। मामले की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा त्वरित जांच प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल निरीक्षण कर




आवश्यक साक्ष्य एवं सामग्री जब्त की गई। आरोपी की पतासाजी कर उसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जहां उसने अपराध स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त चाकू को सिहावा चौक स्टेशन पारा क्षेत्र की झाड़ियों में छिपाने की जानकारी दी। आरोपी के बताने पर पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में एक धारदार बटन/स्प्रिंग चाकू बरामद कर विधिवत जप्त किया। आरोपी द्वारा अवैध धारदार हथियार रखकर प्राणघातक हमला किए जाने पर उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी मो. साहिल खत्री पिता इकबाल खत्री उम्र 21 वर्ष निवासी सिहावा चौक सुन्दरगंज वार्ड, थाना सिटी कोतवाली धमतरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। धमतरी पुलिस द्वारा शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों के विरुद्ध लगातार कठोर कार्यवाही जारी है।

## भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से शिवरतन शर्मा ने मुलाकात कर नवीन दायित्व और नव वर्ष की दी शुभकामनाएं

**भाटापारा।** भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा दिल्ली दौरे पर हैं। अपने दिल्ली दौरे पर शिवरतन शर्मा ने भाजपा मुख्यालय पहुंचकर यहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर नवीन दायित्व और नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुलाकात के बाद शिवरतन शर्मा ने बताया की नितिन नबीन का संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी सोच और कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण उन्हें इस अहम जिम्मेदारी के लिए पूरी तरह योग्य बनाता है। उन्होंने बताया कि नितिन नबीन पहले छत्तीसगढ़ के सह-प्रभारी और बाद में प्रभारी रहे, उन्होंने यहाँ संगठन को नई दिशा और मजबूती दी। शिवरतन शर्मा ने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व और रणनीति के कारण ही छत्तीसगढ़ में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली और पार्टी भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने में सफल रही। संगठन



और सरकार के बीच बेहतर तालमेल बनाने में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। शिवरतन शर्मा ने नितिन नबीन की कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि वे एक सच्चे जमीनी कार्यकर्ता हैं। उनका स्वभाव सरल और मृदुभाषी है तथा वे हर स्तर के कार्यकर्ताओं की बात ध्यान से सुनते हैं। यही वजह है कि संगठन में उन्हें व्यापक सम्मान और विश्वास प्राप्त है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी मिलना भाजपा में नई पीढ़ी के नेतृत्व को आगे बढ़ाने का संकेत है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भाजपा का संगठन और मजबूत होगा और देशभर में पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ेगा।

# वार्षिक उत्सव अभिव्यंजना सह पालक सम्मेलन रंगारंग सम्पन्न

**कुरूद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अटँग में विगत दिनों वार्षिक उत्सव 'अभिव्यंजना' सह पालक सम्मेलन का भव्य आयोजन मुख्य अतिथि गौकरण साहू, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत धमतरी, कुलेश्वरी गायकवाड, जिला पंचायत सदस्य धमतरी, उर्वशी बान्धेकर जनपद सदस्य कुरूद, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भोपाल चंद्राकर, सरपंच गायत्री इन्द्रजीत चेलक, उपसरपंच कोमल शुक्ला एवं अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजन, दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारभ किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालय के विकास पर पालकों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में पालको को परिवार में संस्कार पर ध्यान देने और ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभा को 'अभिव्यंजना' जैसे



मंचों की आवश्यकता के साथ-साथ बच्चो के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। पालक सम्मेलन के दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने पालकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया और विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट साझा की। इस अवसर पर कुलेश्वरी गायकवाड जिला पंचायत सदस्य धमतरी ने शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पालकों को उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उर्वशी बान्देकर जनपद सदस्य कुरूद ने सम्बोधन में पालको की जागरूकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनका स्वागत शाला परिवार द्वारा आत्मीयता से किया गया। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, देश भक्ति गीत और सामाजिक संदेशों पर नशा मुक्ति आधारित नाटकों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। शैक्षणिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। पालक सम्मेलन में प्राचार्य नूतन लाल चन्द्राकर के ने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में केवल शिक्षकों का ही नहीं, बल्कि पालकों का भी बराबर का योगदान होता है। घर का वातावरण पढ़ाई के अनुकूल होना आवश्यक है।

चन्द्राकर ने पालकों से आग्रह किया कि वे सुनिश्चित करें कि बच्चे प्रतिदिन शाला आएं, क्योंकि निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। सदम चेलक ने अपने पूर्व अनुभवों को साझा करते हुए लक्ष्य प्राप्ति पर विद्यार्थियों को ध्यान देने कहा साथ ही संतवन साहू ने वर्तमान समय में बच्चों द्वारा मोबाइल के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त की और पालकों को बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखने की सलाह दी। सरपंच गायत्री इन्द्रजीत चेलक, उपसरपंच कोमल शुक्ला की ओर से समाज सेवा करने वाले शिक्षकों ओर विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता जे.एल. साहू ने सभी अतिथियों, पालकों और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता जी. यादव और रीना तारक 12 वी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुंदन चंद्राकर, गोकुल साहू, ग्रामीणों और पालको ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मनोज ध्रुव, प्रकाश साहू, पी.चंद्राकर, प्रमोद यादव, ऋण चंद्राकर, ममता साहू, मिथलेश साहू, चेतन साहू संगीता भंडारी, वासु देव ध्रुव, उत्तम ध्रुव, लोकेश्वर साहू, कौशल साहू का योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### गांव गांव में मेला मंड़ई की धूम गांव वाले उत्साह पूर्वक कर रहे शिरकत

**रायपुर।** प्रदेश में धान कटाई के पश्चात अब मेला मड़ई का आयोजन गांव गांव में हो रहा है। धान कटाई के पश्चात किसानों को भुगतान मिलना शुरू हो गया है। जिसके चलते अब गांव गांव में तिहार का माहौल बनने लगा है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य में धान खरीदी का काम जोरशोर से चल रहा है। यहां पर धान खरीदी को लेकर किसान टोकन कटवा रहे हैं। लेकिन भुगतान समय पर हो रहा है। अभी तक 65 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। सरकार का लक्ष्य डेढ़ लाख मीटरिक टन का है। किसानों के अनुसार अभी टोकन कटवाने में काफी समस्या हो रही है। बड़े किसानों का टोकन दो से तीनबार काटा जा रहा है। जिसके चलते किसान परेशान है। विभिन्न सहकारी समितियों के खरीदी का लिमिट भी घटा दियागया है। जिसके कारण किसान परेशान है। राज्य में इस समय धान खरीदी 31 जनवरी तक चलेगी। बारदानों की काफी कमी है। धान खरीदी के लिए एग्रीटेक पोर्टल पंजीयन होने के कारण किसान परेशान हो गये है। इसकी गुंज विस में सुनाई दी थी। इधर गांव गांव में मेला मड़ई का आयोजन किया जा रहा है जिसके कारण गांव में उत्साह का माहौल है। बसदेव लोग इस समय कपड़ा तथा बर्तन की दुकान लगा रहे है। वहीं नाचा मंडली अमोद प्रमोद के साथ झूला सहित अन्य सुविधाएं दी जा रही है। इस समय अभनपुर पलारी सहित विभिन्न जिलों में मड़ई का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गांव वाले मनोरंजन कर रहे हैं। ग्रामीणजनों के अनुसार यह मेला मड़ई वार्षिकोत्सव की तरह होता है। जिसमें लोग जाकर अपना अपना आनंद लेते हैं।

### आमजनों को शीतलहर से सुरक्षा देने अलाव जलाने की प्रतिदिन नियमित व्यवस्था

**रायपुर।** प्रदेश की राजधानी रायपुर शहर में शीतलहर से आमजनों को सुरक्षा और त्वरित राहत देने नगर पालिक निगम के जोन कार्यालयों के माध्यम से जयस्तम्भ चौक के समीप, रेल्वे स्टेशन के पास, मेकाहारा परिसर, पुराना बस स्टेण्ड पंडरी, महोबा बाजार हॉट बाजार, परमानन्द नगर कोटा, सत्यम विहार कॉलोनी रायपुरा, नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर, बड़ा अशोक नगर, रोटरी नगर, टाटीबंध चौक के समीप, शंकर नगर, अवन्ति विहार कॉलोनी सहित राजधानी शहर में लगभग 30 से भी अधिक विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की प्रतिदिन नियमित व्यवस्था दी जा रही है. नगर निगम रायपुर द्वारा विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन नियमित अलाव जलाने की व्यवस्था देने से इससे शहर के निवासी प्रतिदिन सैकड़ों आमजनों को लगातार बढ़ती शीतलहर से सहज बचाव सहित त्वरित राहत मिल रही है। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नरों द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारियों के माध्यम से महादेवघाट रायपुरा श्री हनुमान मन्दिर के समीप और महोबा बाजार हॉट बाजार, मेकाहारा परिसर, पुराना बस स्टेण्ड पंडरी चंगोराभाठा बाजार, ब्रम्हदेईपारा,शिक्षक कॉलोनी डंगनिया, खमतराई चौक के पास, जयस्तम्भ चौक के पास, रायपुर जिलाधीश परिसर के सामने डॉ भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल चौक के पास, नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर के पास, मोतीबाग, डंगनिया पानी टंकी स्कूल के समीप, शंकर नगर चौपाटी, तेलीबाँधा तालाब मरीन ड्राइव, अंतर राज्यीय बस स्टैण्ड भाठागांव, भाठागांव चौक के समीप, कुकरीपारा, दूधाधारी मठ मार्ग, सरोना, चंदनीडीह, कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2, हीरापुर चौक सुलभ शौचालय काम्प्लेक्स के समीप , कबीर चौक रामनगर, गीतांजलि नगर शंकर नगर, जगन्नाथ चौक रामनगर, प्रियदर्शिनी नगर, भाठागांव, नगर पालिक निगम जोन 9 कार्यालय परिसर के समीप मोवा, नगर निगम जोन 10 कार्यालय और अन्य लगभग 30 से भी अधिक विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में आमजनों को शीतलहर से रायपुर शहर क्षेत्र में सुरक्षा और त्वरित राहत देने सार्वजनिक अलाव जलाने की प्रतिदिन नियमित व्यवस्था दी जा रही है. शीतलहर की सम्पूर्ण अवधि के दौरान आमजनों को राहत देने जोन कार्यालयों के माध्यम से प्रतिदिन नियमित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की प्रतिदिन नियमित व्यवस्था दी जा रही है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकानों की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार रजत जयंती वर्ष समारोह के अवसर पर जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव एवं उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 02 जनवरी से 09 जनवरी 2026 तक जिले की प्रत्येक शासकीय उचित मूल्य दुकान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निगरानी समिति के सदस्यों, दुकान संचालकों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। इस दौरान रजत जयंती चावल उत्सव के अंतर्गत शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने ग्राम सोहागपुर में किचन शेड का किया लोकार्पण

# माता शाकम्बरी की कृपा से समाज समृद्धि के पथ पर अग्रसर हो रहा....

■ उपमुख्यमंत्री ग्राम मैनपुरी, बीरुटोला, अमलीडीह, बरपेला टोला, सोहागपुर एवं घुघरीखुर्द में आयोजित शाकम्बरी जयंती समारोहों में हुए शामिल

रायपुर/ संवाददाता



माता शाकम्बरी जयंती के पावन एवं पुण्य अवसर पर शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के ग्राम मैनपुरी, बीरुटोला, अमलीडीह, बरपेला टोला, सोहागपुर एवं घुघरीखुर्द ग्रामों में आयोजित जयंती समारोहों में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता शाकम्बरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं जिलेवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सोहागपुर ग्राम में किचन शेड का विधिवत लोकार्पण भी किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाजजनों को संबोधित करते हुए माता शाकम्बरी के आदर्शों, सामाजिक समरसता, परिश्रम और सहकारिता की भावना पर प्रकाश डाला तथा कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकता के सूत्र में बांधने के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इस दौरान उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पटेल समाज सदैव से परिश्रमी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी समाज रहा है। माता शाकम्बरी की कृपा से यह समाज धन-धान्य से सम्पन्न रहा है और उसने हमेशा मिल-जुलकर कार्य करने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। मरार-पटेल समाज के भाव में सहकारिता निहित है, जिसके बल पर समाज और सरकार मिलकर विकास के अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पटेल समाज अपने उद्यम, श्रम और पुरुषार्थ से न केवल स्वयं आगे बढ़ा है, बल्कि समाज के अन्य वर्गों के पोषण और सहयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। आज आवश्यकता है कि अन्य समाज भी पटेल समाज के परिश्रम, अनुशासन और सामूहिकता से सीख लें। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने माता शाकम्बरी से प्रार्थना करते हुए कहा कि माता की कृपा से सभी के घरों में धन-धान्य की वर्षा हो, खेत-खलिहान लहलहाते रहें, सभी नागरिक स्वस्थ और सुखी रहें तथा क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर गांव, गरीब, किसान और श्रमिक के उत्थान के लिए सतत प्रयास कर रही है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विभिन्न ग्रामों में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति की भी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए, इसके लिए सभी को मिलकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

# चाकूबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार हुए....

रायपुर। संवाददाता

जिले की मस्तूरी थाना पुलिस ने चाकूबाजी करने वाले एक आरोपी को चंद घंटो में ही गिरफ्तार कर लिया है वहीं दूसरा आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपियों ने शराब पीने के लिये पैसे नही देने पर एक युवक पर बटनदार चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरिओम सिंह ठाकुर पिता स्व करण सिंह ठाकुर उम्र 45 साल निवासी पकरिया चौकी मल्हार थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 01.01.2026 को शाम करीबन 5.30 बजे वह ग्राम पकरिया हाई स्कुल के पास खडा था पास में उसका भतीजा अमन सिंह एवं अभिजीत सिंह ठाकुर खडे थे उसी समय मस्तूरी के ग्राम किरारी निवासी सुमित सिंह ठाकुर अपने साथी के साथ मोटर सायकल से आया और अमन सिंह व अभिजीत सिंह से शराब पीने के लिये पैसा मागने लगा नही देने पर सुमित व अभय मां बहन की अश्लील गाली गलौच देते हुये सुमित सिंह जेब में रखे बटनदार धारदार चाकू निकालकर अभिजीत को मारने के लिये चाकू लेकर दौडा। बीच बचाव करने आये अमन ठाकुर के दाहिने हाथ के अंगूठा के पास चाकू से चोट लगकर खून निकला है। प्राथी व गावाहो को रिपोर्ट करोगे तो जान से मार दुंगा बोलकर धमकी दे रहा था कि प्राथी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण के आहत अमन सिंह ठाकुर के दाहिने हाथ की हथेली पर चोट लगने से उपचार हेतु सीएचसी मस्तुरी भेजा गया था जो डाक्टर साहब ने शार्प आक्जेक्ट चोट होना लेख किये है जो प्रकरण में धारा 118(1) बीएनएस जोडी गई। प्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपी सुमित सिंह ठाकुर को ग्राम पकरिया पर जाकर घेराबंदी कर पकडकर पूछताछ किया गया जो घटना को करना स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक नग बटनदार स्टीलनुमा धारदार चाकू घटना में प्रयुक्त एक बिना नंबर का स्प्लेंडर मोटर सायकल हीरो कंपनी का गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जब्त किया गया।

# धान खरीदी में लापरवाही पर समिति प्रबंधक और सहायकों पर हुई कार्रवाई

■ तीन निलंबित एवं दो का वित्तीय प्रभार समाप्त

रायपुर/ संवाददाता

जिले में खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी कार्य में पारदर्शिता और शासन निर्देशों के कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए गए हैं। विभिन्न धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण एवं जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के अनुमोदन से दोषी समिति प्रबंधक एवं सहायकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। सहकारिता विभाग द्वारा की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कई समितियों में शासन द्वारा निर्धारित ढाला पद्धति से धान परीक्षण नहीं किया जा रहा था। किसानों द्वारा बोरे में लाए गए धान को बिना परीक्षण सीधे शासकीय बोरों में भरकर तौल किया जा रहा था। इसके साथ ही धान खरीदी कार्य में अनियमितता व उदासीनता जैसी गंभीर लापरवाहियां सामने आईं। उप आयुक्त सहकारिता विभाग ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जमरगीडी (पं.क्र. 1553) के सहायक समिति प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारी श्री दीनबंधु पटेल द्वारा बार-बार निर्देशों की अवहेलना कर मनमाने ढंग से धान खरीदी की जा रही थी। कारण बताओ सूचना पत्र का संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर उनका वित्तीय प्रभार तत्काल प्रभाव से समाप्त किया गया है। इसी तरह आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कापू (पं.क्र. 48) के सहायक समिति प्रबंधक श्री श्यामनारायण दुबे द्वारा भी शासन निर्देशों की अनदेखी करते हुए धान खरीदी में लापरवाही बरती गई। जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर उनका भी वित्तीय प्रभार तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।

### भानुप्रतापपुर में 3 साल से अधूरा पड़ा 'पत्रकार भवन', भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा निर्माण कार्य।



एसआईआर में श्रमिक,प्रवासी,युवाओं का नाम जोड़ने का आग्रह

# पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाने सीईओ को कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा......

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्रामीण, आदिवासी, श्रमिक, प्रवासी, युवाओं का नाम जोड़ने के लिए वार्ड तथा पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाने के लिए एक ज्ञापन दिया है। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा सहित कांग्रेसजनों ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मांग की है, धान कटाई के पश्चात विभिन्न अंचलों के लोग बाहर चले गए हैं, वहीं सलवा जुडुम के कारण कई आदिवासी परिवार विस्थापित हो गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग



के दिए गए ज्ञापन के अनुसार छत्तीसगढ़ में सम्पन्न एस.आई.आर. निर्वाचक नामावालियों का विशेष गहन पुनिरीक्षण कार्यक्रम का ड्राफ्ट मतदाता सूची अनेक पात्र मतदाताओं के नाम विभिन्न कारणों से दर्ज नहीं हो पाया है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, आदिवासी अंचलों, श्रमिक वर्ग, प्रवासी नागरिकों, युवाओं तथा नव पंजीकरण योग्य मतदाताओं को इस प्रक्रिया में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। दस्तावेजों की कमी, जानकारी के अभाव, तकनीकी समस्याओं के कारण कई ऐसे नागरिक, जो संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार के पूर्ण रूप से पात्र हैं, मतदाता सूची से वंचित रहने की स्थिति में हैं। यह स्थिति लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए चिंताजनक है। लिखित शिकायत में ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश में खरीब फसल कटते ही लोग कमाने खाने हेतु अन्य प्रदेश में चले गये हैं। बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सलवा जुडुम के विस्थापित आदिवासी अन्य प्रदेश में चले गये हैं।

### पीएम सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सीईओ ने की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**रायपुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सुचारु, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायपुर कुमार बिश्वरंजन ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में सीएसपीडीसीएल, बैंक प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सीईओ बिश्वरंजन ने योजना की वर्तमान प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए बैंकों को आवेदन सोर्सिंग बढ़ाने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को बिना किसी अनावश्यक बाधा के समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी आवेदन को बिना ठोस कारण के अस्वीकृत न किया जाए, तथा यदि किसी कारणवश आवेदन निरस्त किया जाता है तो संबंधित आवेदक को अस्वीकृति का स्पष्ट कारण अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए।

# पिछले साल सड़क हादसों में गई 573 लोगों की जान

■ 2024 की तुलना में 2025 में बढ़ा मौतों का आंकड़ा

रायपुर/ संवाददाता

राजधानी रायपुर में पुलिस के तमाम प्रयोग, पहल, और सख्ती के बावजूद सड़क हादसों में मौतें थम नहीं रही हैं. 2024 की तुलना में 2025 में मौतों में 9.35 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है. इसमें दिसंबर माह के हादसे शामिल नहीं हैं. यानी 335 दिनों में 573 लोगों की सड़क हादसों में जान गई है. रायपुर में पिछले साल सड़क हादसों में गई 573 लोगों की जान हादसों की संख्या भी बढ़ी है. इस अवधि में 1900 से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार हुए, जिनमें 1292 लोग घायल हुए हैं. रायपुर के 31 थानों में पिछले पांच सालों में 11005 सड़क हादसे दर्ज हुए हैं. इनमें 3110 लोगों की मौत हुई है, जबकि 7900 लोग घायल हुए हैं. नए साल पर भी सड़क हादसे का शिकार हुए लोग नए साल पर जश्न के बाद गुढियारी इलाके में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई. पहला हादसा रिंग रोड-2 में हुआ, जहां एक ट्रक ने मोपेड सवार को रौंद दिया. दूसरा हादसा कोटा रोड में हुआ, जहां दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई. हादसों के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा गया. पुलिस ने आनन-फानन में शवों को हटाकर मरचुरी भिजवाया. दोनों मामलों की जांच की जा रही है.

कृषि मंत्री ने कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि दर्शिका 2026 का किया विमोचन

# किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें-कृषिमंत्री

रायपुर/ संवाददाता

कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज यहां नया रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि दर्शिका 2026 का विमोचन किया। श्री नेताम ने कृषि दर्शिका के प्रकाशन हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल एवं उनके सहयोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि दर्शिका में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों के साथ ही नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी तथा किसानों के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारियों को शामिल किया गया है, जो किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कृषि विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के किसानों के हित में इसी प्रकार निरंतर प्रयासरत रहेगा। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कृषि मंत्री को विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि दर्शिका 2026 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि दर्शिका में छत्तीसगढ़ राज्य की सामान्य जानकारी, कृषि क्षेत्रफल, प्रमुख कृषि फसलों, उनकी उत्पादन तकनीक, कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों, योजनाओं, गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी रहती है। दर्शिका में विभिन्न खरीफ एवं रबी फसलों जिनमें अनाज, दलहन, तिलहन, लघु धान्य फसलें, चारा फसलें, औषधीय एवं सगंध फसलें तथा फल, फूल एवं सब्जी वाली फसलों की उन्नत कृषि कार्यमाला प्रकाशित की जाती है। इसके साथ ही कृषि विश्वविद्यालय की विगत वर्ष की गतिविधियों एवं उपलब्धियों, विश्वविद्यालय द्वारा



विकसित विभिन्न फसलों की उन्नत किस्मों तथा विश्वविद्यालय द्वारा विकसित एवं प्रसारित कृषक उपयोगी प्रौद्योगिकी की जानकारी भी प्रकाशित की जाती है। विभिन्न फसलों के प्रमुख कीट एवं प्रमुख रोग तथा उनका प्रबंधन भी शामिल किया जाता है। इसके साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए संचालित विकास एवं कल्याण योजनाओं, उनके तहत दी जाने वाली सुविधाओं एवं अनुदान के संबंध में जानकारी दी जाती है। कृषि दर्शिका में कृषि विश्वविद्यालय, कृषि तथा संबंधित विभागों एवं किसानों के लिए उपयोगी अन्य संपर्क सूत्रों की जानकारी भी प्रकाशित की जाती है। विमोचन समारोह में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. कपिल देव दीपक निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टुटेजा, डॉ. नीता खरे, डॉ. ज्योति भट्ट, डॉ. दीप्ति झा डॉ. जी.पी. अयाम, डॉ. डी.पी. पटेल एवं संजय नैयर उपस्थित थे।

### देवभोग को दुग्ध का ब्रांड बनाया जाएगा – नेताम

प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के वृद्धि में कई उपाय किए जा रहे हैं। देवभोग को लोकप्रिय ब्रांड बनाने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय नेशनल डेयरी बोर्ड से अनुबंध कर दुग्ध उत्पादन दी दिशा में नया कदम उठाया जाएगा। आज संवाद आडिटोरियम में आयोजित पत्रकारवार्ता में पशु, कृषि, दुग्ध उत्पादन मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि नवीन दुग्ध समितियों का गठन किया गया है। जिसमें 336 का पंजीयन हुआ है। नवीन आधुनिक संयंत्र की स्थापना जिसमें 26 हजार किलोग्राम प्रतिदिन क्षमता बेमेतरा में 4 हजार लीटर प्रति दिवस क्षमता का संयंत्र, अस्मिता दुग्ध उत्पादन संगठन में 800 गांवों 32 हजार महिलाओं कार्यकर्ताओं से एक लाख लीटर दुग्ध का संकलन, 2 हजार लीटर का शीतलीकरण जशपुर में स्थापित किया गया है।

## संपादकीय

# कनाडा में भारतीयों की सुरक्षा का सवाल

कनाडा में दो सप्ताह के भीतर दो भारतीयों की हत्या ने सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता पैदा कर दी है। पिछले हफ्ते टोरंटो में एक भारतीय महिला की उसके आवास पर हत्या कर दी गई। दूसरी घटना में टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास बीस वर्षीय एक भारतीय शोध छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई।इन वारदात के पीछे क्या कारण थे और इसे किसने अंजाम दिया, इसकी जांच पुलिस कर रही है, लेकिन सवाल है कि आखिर कनाडा में भारतीय मूल के लोगों पर हमले क्यों हो रहे हैं? क्या यह नस्लीय नफरत से उपजी कुंठा और आक्रामकता का नतीजा है या फिर किसी सोची-समझी साजिश की कड़ियां, जो लक्षित तरीके से हमलों का जाल बुना जा रहा है!यही नहीं, कनाडा के एक अस्पताल में हाल में इलाज का इंतजार कर रहे भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि इस व्यक्ति को आठ घंटे से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद भी उपचार नहीं मिला और हृदयघात से उसकी जान चली गई। यह घटना न केवल चिकित्सकों की लापरवाही दर्शाती है, बल्कि भारतीय मूल के लोगों के साथ भेदभाव की ओर भी इशारा करती है।गौरतलब है कि कनाडा में भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों की संख्या अच्छी-खासी है। हर साल बड़े पैमाने पर भारतीय युवा वहां उच्च शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं। नीति आयोग की हाल की एक रपट के मुताबिक, उच्च शिक्षा हासिल करने के मामले में भारतीय विद्यार्थी के लिए कनाडा पहली पसंद है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और जर्मनी का स्थान आता है।पिछले वर्ष कनाडा में सवा चार लाख भारतीय विद्यार्थी अध्ययनरत थे। इसके अलावा कनाडा की नागरिकता लेकर वहां बसे भारतीयों की संख्या पंद्रह लाख से अधिक है। ऐसे में सवाल है कि जो भारतीय पढ़ाई या नौकरी के लिए कनाडा जाते हैं, या जो वहां के स्थायी नागरिक बन गए हैं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां की सरकार और सुरक्षा एजंसियों की नहीं, तो और किसकी है?हाल के वर्षों में कनाडा में भारतीयों पर हमले की खबरें आए दिन आती रहती हैं।

**अतीत की घटनाएं और भविष्य के नतीजे आने वाले दिनों पर अपना असर जरूर डालते हैं। इसी वजह से राजनीति हर बार आने वाली घटनाओं के प्रति कुछ ज्यादा ही सचेत रहने की कोशिश करती है, उसे अपने हिसाब से घटित करने का प्रयास करते रहती है। महज दो दिनों बाद ग्रेगोरियन कैलेंडर के पन्ने नए हो जाएंगे। समय का पहिया चलता रहता है। समय के चाक पर हर आगत पल वर्तमान बनता है और फिर अतीत के गोद में समा जाता है। जाते-जाते वह अपनी छाप ही नहीं छोड़ता, कुछ सीख भी दे जाता है। अतीत से प्राप्त अनुभव और सीख की कसौटी पर वह वर्तमान को कसता है और चाहता है कि आने वाला पल अतीत की तुलना में बेहतर गुजरे। मनुष्य की चाहत ऐसी ही होती है। वक्त के पहिये पर सब मनमुताबिक ही घटे-चले तो फिर जीवन चक्र का रोमांच ही खत्म हो जाए। मानव की फितरत है, वह आगत को अपने हिसाब से ही घटित होते देखना और भोगना चाहता है। लेकिन क्या ऐसा हो पाता है? अतीत की घटनाएं और भविष्य के नतीजे आने वाले दिनों पर अपना असर जरूर डालते हैं। इसी वजह से राजनीति हर बार आने वाली घटनाओं के प्रति कुछ ज्यादा ही सचेत रहने की कोशिश करती है, उसे अपने हिसाब से घटित करने का प्रयास करते रहती है। महज दो दिनों बाद ग्रेगोरियन कैलेंडर के पन्ने नए हो जाएंगे।**

# अतीत से सबक, आगत से उम्मीद

**इस नए साल में भी राजनीति चुनावी रणनीति बनाने और उन चुनावों से अपने मनमुताबिक नतीजे हासिल करने की कोशिश में जुटी रहेगी। इस नए यानी साल 2026 में देश के प्रमुख पांच राज्यों असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इन चुनावों की आहट में राजनीति की दुनिया की पेशानियों पर बल पड़ने लगे हैं। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। इसकी वजह है कि इन राज्यों के चुनाव नतीजे तय करेंगे कि आने वाले दिनों में राजनीति की दिशा क्या होगी? इनके नतीजे ही तय करेंगे कि आने वाले दिनों में कमल खिलता रहेगा या हाथ को भारत का साथ मिलेगा। इन नतीजों पर ही निर्भर करेगा कि भारत का भावी नेतृत्व कैसा होगा।**

(उमेश चतुर्वेदी)

यूं तो हर राज्य के विधानसभा चुनाव अपने आप में अहम् होते हैं, लेकिन साल 2026 में होने वाले चुनाव बेहद खास होने जा रहे हैं। असम में विगत दो बार से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है। पिछले विधानसभा चुनाव में यहां की 126 सीटों में से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 75 सीटें जीती थीं। जिनमें भारतीय जनता पार्टी के खाते में 60 सीटें गई थीं, वहीं उसकी सहयोगी असम गणपरिषद को नौ और अन्य सहयोगी दलों को छह सीटें मिली थीं। जबकि कांग्रेस की अगुआई वाले गठबंधन को 50 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। कांग्रेस ने यहां की जिम्मेदारी अपने तेजतर्रार नेता गौरव गोगोई को दी है। जबकि बीजेपी की अगुआई मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा के हाथ है। विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के बाद राज्य की मतदाता सूची से 10.56 लाख मतदाताओं के नाम हटाए जा चुके हैं। कांग्रेस की पूरी कोशिश बीजेपी के हाथ से सत्ता छीनने की है तो बीजेपी की कोशिश उत्तर पूर्व के इस सबसे बड़े राज्य में अपने झंडे को गाड़े रखना है। अगर बीजेपी बनी रही तो उत्तर पूर्व के बहाने उसका राष्ट्रवादी सोच का कारवां बढ़ता रहेगा, लेकिन अगर कांग्रेस सेंध लगाने में सफल रही तो उससे इलाके में कांग्रेसी आधार को जुटाने को बल मिलेगा।

असम से सटे पश्चिम बंगाल में भी असम की तरह बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा गर्म है। राज्य के पिछले विधानसभा चुनाव में 294 सदस्यीय विधानसभा में 213 सीटों पर जीत हासिल करके ममता बनर्जी ने सनसनी फैला दी थी, जबकि सत्ता की दावेदार मानी जा रही बीजेपी को महज 77 सीटों से ही संतोष करना पड़ा था। इस बार एसआईआर के चलते राज्य के 7.66 करोड़ मतदाताओं में से 56 लाख के नाम हटाए जा चुके हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग को करीब 20 लाख मतदाता अब भी संदिग्ध लग रहे हैं। आयोग के लिहाज से ये मतदाता पहली बार पंजीकृत हुए हैं और इनकी उम्र पैंतालिस साल और उससे ज्यादा है। सवाल यह है कि इतनी बड़ी संख्या में



मतदाता अगर राज्य के हैं तो वे अब तक कहां थे और उन्होंने वोटर लिस्ट में नाम क्यों नहीं डलवाया था और अगर राज्य से बाहर थे तो अचानक ही वे यहां क्यों लौट आए। जाहिर है कि इन नए वोटरों और हटाए गए नाम वाले वोटरों की संख्या को लेकर संदेह की स्थिति है। इसे लेकर ममता की तृणमूल कांग्रेस पार्टी जहां आक्रामक है, वहीं बीजेपी नए जुड़े करीब 20 लाख संदिग्ध वोटरों को लेकर जवाबी तौर पर हमलावर है। बहरहाल यह तय है कि इन मुद्दों पर ही राज्य के भावी विधानसभा नतीजे तय होंगे। ऐसे में अगर ममता अपना किला बचाए रखती हैं तो तय है कि बीजेपी के पूर्ववर्ती जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी के गृहराज्य में भगवा झंडा फहराने का उसका सपना अधूरा रहेगा। फिर ममता के पास तर्क होगा कि आने वाले दिनों में वे ही बीजेपी को केंद्रीय स्तर पर चुनौती दे सकती हैं। अगर नतीजे इसके उलट रहे तो बीजेपी कह सकती है कि आने वाले दिनों में उसके सामने कोई चुनौती नहीं रहने वाली।

एक दौर में पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और केरल की ख्याति वामपंथ के गढ़ के रूप में रही है। लेकिन विगत दो चुनावों से यहां वामपंथी किला बचा हुआ है। इसे उलटबांसी ही कहेंगे कि केंद्रीय स्तर पर बीजेपी के खिलाफ खड़ा केरल का वामपंथ कांग्रेस के साथ है। लेकिन राज्य में उसकी लड़ाई कांग्रेस के ही साथ है। वैसे इसी दिसंबर में हुए नगर निकाय चुनावों में बीजेपी ने राज्य की राजधानी तिरूअनंतपुरम् पर कब्जा कर लिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सर्वाधिक सक्रियता वाले राज्यों में शुमार होने के बावजूद केरल अब भी बीजेपी के लिए प्रश्न प्रदेश बना हुआ है। इस बार भी माना जा रहा है कि लड़ाई वाममोर्चे और कांग्रेस की अगुआई वाले मोर्चे के ही बीच रहेगी। बीजेपी की कोशिश इस चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाने की ही रहेगी। अगर वह ऐसा करने में सफल रहती है तो सही मायने में अखिल भारतीय पार्टी बनने का वह दावा कर सकती है। अगर वामपंथ यहां से इस बार सत्ता से दूर होता है तो उसकी वापसी की संभावना क्षीण होगी। उसके लिए खतरा यह होगा कि विपक्षी भूमिका में बीजेपी खुद को उभारने की कोशिश करेगी और वह वामपंथ को धीरे-धीरे उसी तरह गायब कर देगी, जैसे उसने त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में कर दिया है। अगर कांग्रेस की अगुआई वाले मोर्चे को जीत मिलती है तो उससे पार्टी का मनोबल बढ़ सकता है। तब बीजेपी विरोधी उसकी केंद्रीय भूमिका को नयी ताकत मिल सकती है। केरल की ही तरह पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में भी बीजेपी तीसरा कोना बनने की कोशिश में लगातार जुटी हुई है। राज्य की 234 सीटों वाली विधानसभा में पिछली बार द्रविड़ मुनेत्र कषगम् यानी डीएमके वाले मोर्चे को 133 सीटों पर जीत मिली थी। इस बार बीजेपी विपक्षी अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन में उतर कर डीएमके के मोर्चे को पटखनी देने की कोशिश में है। बीजेपी ने राज्य में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की प्रक्रिया के तहत यहीं के सी पी राधाकृष्णन को उपराष्ट्पति की कुर्सी तक पहुंचा चुकी है। अगर बीजेपी राज्य में अन्नाद्रमुक के साथ अहम उपस्थिति बनाने में सफल रहती है तो वह राष्ट्रीय स्तर पर कह सकती है कि आने वाले दिनों में राज्य में भी वह मजबूत संख्याबल हासिल कर सकती है। केरल और तमिलनाडु में गंभीर उपस्थिति दक्षिण के प्रश्न प्रदेश को हल करने का मजबूत जरिया बनेगी। लेकिन अगर डीएमके मोर्चा जीतता है तो तय है कि हिंदुत्व विरोधी आक्रामक बयानबाजी का केंद्र दक्षिण बना रहेगा। इसका असर राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा।

मोटे तौर पर कह सकते हैं कि अगर असम में बीजेपी अपनी उपस्थिति बनाए रखती है, बंगाल के किले पर फतह कर लेती है और तमिलनाडु और केरल में अहम उपस्थिति बना लेती है तो माना जाएगा कि उसका राजनीतिक अश्वमेध का घोड़ा दौड़ता रहेगा, लेकिन अगर वह ऐसे नतीजे लाने में नाकाम रही तो उसकी भावी राजनीति भी प्रभावित होगी। इससे कांग्रेसी खेमा नए उत्साह में होगा। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## उच्च शिक्षा के प्रशासन में बड़े बदलाव वाला विधेयक

(डी पी सिंह)

देश की उच्च शिक्षा का प्रशासन अब तक शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित होता रहा है। इसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एसीटीई) ने दशकों तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन समय के साथ इनकी ढांचागत सीमाएं भी स्पष्ट हुई। इसी पृष्ठभूमि में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल लोकसभा में पेश किया है। यह बिल उच्च शिक्षा की प्रशासनिक संस्थाओं- यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीटीई का समेकन और पुनर्संरचना करेगा। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा के नियमन, गुणवत्ता और मानकों को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जवाबदेह बनाना है, ताकि भारत की शिक्षा प्रणाली 21वीं सदी की जरूरतों और विकसित भारत ञ्च2047 के लक्ष्यों के अनुरूप बन सके।

पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिले हैं। शिक्षण पद्धतियों में ऑनलाइन क्रांति, डिजिटल प्लेटफॉर्म का व्यापक उपयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का समावेश और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य जैसी वैश्विक पहलें शिक्षा के उद्देश्य, स्वरूप और अपेक्षाओं को पूरी तरह बदल रही हैं। फिर भी, उच्च शिक्षा प्रशासन में अब तक कोई बड़ा ढांचागत बदलाव नहीं हुआ था। इसी क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 (एनईपी-2020) ने उच्च शिक्षा के नियमन और विकास के लिए उच्च शिक्षा आयोग भारत (एचईसीआई) के गठन का प्रस्ताव रखा। इस पहल को ही अब 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल, 2025' के रूप में संसद में प्रस्तावित किया गया है। यह अधिष्ठान भारत में उच्च शिक्षा के लिए साझा और समेकित नियामक संस्था के रूप में कार्य करेगा। इसके अंतर्गत तीन प्रमुख परिषदों का गठन प्रस्तावित है-विकसित भारत शिक्षा विनियमन परिषद, विकसित भारत शिक्षा गुणवत्ता परिषद और विकसित भारत शिक्षा मानक परिषद। ये परिषदें मिलकर नियमन, गुणवत्ता आश्वासन और मानक निर्धारण जैसे प्रमुख कार्यों को स्पष्ट, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संचालित करेंगी। 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान' की समिति में चेयरपर्सन सहित कुल 12 सदस्य होंगे, जबकि नियामक परिषद, गुणवत्ता परिषद और मानक परिषद की समितियों में प्रेसिडेंट सहित कुल 14 सदस्य शामिल होंगे। इन समितियों में उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रोफेसर, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नामित सदस्य, आर्किटेक्चर कौंसिल के प्रतिनिधि, वरिष्ठ शिक्षाविद और शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल किए जाएंगे। इससे सभी पक्षों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी और उच्च शिक्षा प्रणाली में विविध अनुभव व विशेषज्ञता का समावेश होगा।

नियामक परिषद देश के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा नियमों और मानकों के पालन को सुनिश्चित करेगी। यह उच्च शिक्षा के व्यावसायीकरण पर रोक लगाएगी, भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों के संचालन के मानक तय करेगी, बेहतर प्रदर्शन करने वाले भारतीय विश्वविद्यालयों को विदेशों में परिसर खोलने की अनुमति देगी और अंतर-विश्वविद्यालय केंद्रों के संचालन से जुड़े फैसले लेगी। गुणवत्ता परिषद शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों से परामर्श कर परिणाम-आधारित मान्यता प्रणाली विकसित करेगी। मानक परिषद उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और मानक तय करने का काम करेगी।

एनईपी-2020 के विजन विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान और इसकी तीन परिषदों के माध्यम से लागू किए जाएंगे। सभी परिषदों के बीच समन्वय और प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए उनकी समितियों में अन्य परिषदों के सदस्यों का प्रतिनिधित्व भी रखा गया है।

विकसित भारत ञ्च2047 के लक्ष्यों को केंद्र में रखते हुए यह पहल भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप, पारदर्शी, जवाबदेह और भविष्य-उन्मुख बनाने की क्षमता रखती है। इससे न केवल छात्रों और शिक्षकों को लाभ होगा, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेगी। (लेखक पूर्व अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग है) (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# 2025 में जब जब दुनिया डगमगाई, मोदी ने आगे बढ़कर संभाल लिया

**एनडीए के भीतर मतभेदों को साधते हुए मोदी ने सहयोगी दलों को एकजुट रखा और नए सहयोगियों को जोड़कर गठबंधन का विस्तार भी किया। उनका नेतृत्व सहयोगियों में विश्वास पैदा करने वाला रहा, जिससे एनडीए एक मजबूत और अनुशासित राजनीतिक परिवार के रूप में सामने आया। साल 2025 भारतीय राजनीति और वैश्विक कूटनीति के लिहाज से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की विजयगाथा के रूप में दर्ज हो गया। यह वर्ष केवल मोदी की चुनावी सफलताओं का नहीं रहा, बल्कि भारत की रणनीतिक सोच, आर्थिक मजबूती, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के विस्तार का भी साक्षी बना।**

(नीरज कुमार दुबे)

मोदी ने एक बार फिर यह साबित किया कि उनका नेतृत्व केवल सत्ता संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि वह राष्ट्र को दिशा देने, संकट में निर्णय लेने और दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराने का सामर्थ्य रखता है।2025 में विभिन्न राज्यों और स्थानीय निकायों के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सफलता के पीछे नरेंद्र मोदी की चुनावी रणनीति और नेतृत्व की स्पष्ट छाप दिखाई दी। मोदी ने जहां एक ओर सुशासन, विकास और राष्ट्रवाद को केंद्रीय मुद्दा बनाए रखा, वहीं दूसरी ओर संगठनात्मक मजबूती पर भी विशेष ध्यान दिया। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने, लाभार्थी वर्ग से सीधा संवाद स्थापित करने और विपक्ष की कमजोरियों को उजागर करने की उनकी रणनीति ने भाजपा को बढ़त दिलाई।

एनडीए के भीतर मतभेदों को साधते हुए मोदी ने सहयोगी दलों को एकजुट रखा और नए सहयोगियों को जोड़कर गठबंधन का विस्तार भी किया। उनका नेतृत्व सहयोगियों में विश्वास पैदा करने वाला रहा, जिससे एनडीए एक मजबूत और अनुशासित राजनीतिक परिवार के रूप में सामने आया।

इसके अलावा, साल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी का रुख पूरी तरह स्पष्ट और सख्त रहा। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों और उनके ठिकानों पर कार्रवाई कर यह संदेश दे दिया कि भारत अब केवल आतंकी घटना की निंदा तक सीमित नहीं रहेगा। यह कार्रवाई न केवल सैन्य दृष्टि से महत्वपूर्ण थी, बल्कि कूटनीतिक स्तर पर भी दुनिया को यह समझाने में सफल रही कि भारत आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर अडिग है। मोदी के इस साहसिक निर्णय ने देशवासियों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत की छवि एक निर्णायक शक्ति के रूप में और सुदृढ़ हुई।

वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ और दबावों के बावजूद मोदी ने भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता से कोई समझौता नहीं किया। रूस के साथ ऐतिहासिक मित्रता को कायम रखते हुए भारत ने ऊर्जा, रक्षा और कूटनीति के क्षेत्रों में संतुलित नीति अपनाई। मोदी का स्पष्ट संदेश रहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों पर



किसी भी बाहरी दबाव को हावी नहीं होने देगा। रूस के साथ संबंधों को मजबूत रखना और साथ ही अमेरिका तथा यूरोप के साथ भी संतुलन बनाए रखना मोदी की बहुपक्षीय कूटनीति का उदाहरण है।

इसके अलावा, 2025 में भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा। वैश्विक मंदी और महंगाई के दौर में भी भारत ने स्थिरता और विकास दोनों को साधा। मोदी सरकार की नीतियों के चलते महंगाई नियंत्रण में रही, ब्याज दरें अपेक्षाकृत कम बनी रहीं और निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, स्टार्टअप और डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की नीतियों ने रोजगार सृजन और विकास को गति दी।

'जीएसटी उत्सव' के माध्यम से मोदी सरकार ने कर सुधारों की सफलता को जन-जन तक पहुंचाया। जीएसटी ने न केवल कर प्रणाली को सरल बनाया, बल्कि राज्यों की आय बढ़ाने और व्यापार सुगमता में भी अहम भूमिका निभाई। 2025 में जीएसटी संग्रह के नए रिकॉर्ड बने, जिसने सरकार को विकास योजनाओं के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराए और अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2025 में वैश्विक मंचों पर भारत की आवाज को और बुलंद किया। ग्लोबल साउथ के मुद्दों को विश्व पटल पर मजबूती से उठाते हुए उन्होंने विकासशील देशों की समस्याओं, जलवायु न्याय और समावेशी विकास की वकालत की। उनकी चीन यात्रा ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींचा और यह संकेत दिया कि भारत संवाद के साथ-साथ अपने हितों की रक्षा करना भी जानता है। वहीं, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिल्ली आमंत्रित कर मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत वैश्विक शक्ति संतुलन में स्वतंत्र और प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है।

इसके अलावा, 2025 में मोदी ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को भी वैश्विक स्तर पर मजबूती दी। धार्मिक स्थलों के विकास के जरिये स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों और योग व आयुष के प्रचार ने भारत की सॉफ्ट पावर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

इसके अलावा, विदेशों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालना हो या प्राकृतिक आपदाओं में अन्य देशों की मदद करना हो, मोदी सरकार ने हर संकट में तत्परता दिखाई। इससे भारत की छवि एक जिम्मेदार और संवेदनशील वैश्विक शक्ति के रूप में उभरी।

बहरहाल, साल 2025 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की बहुआयामी विजयगाथा का प्रतीक बनकर सामने आया। चुनावी सफलता, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और वैश्विक नेतृत्व जैसे मोर्चों पर मोदी ने अपने निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व की छाप छोड़ी। यह वर्ष न केवल उनके राजनीतिक कद को और ऊंचा कर गया, बल्कि भारत के आत्मविश्वास और सामर्थ्य की कहानी भी दुनिया के सामने रख गया।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# जर्जर सड़क को लेकर कांग्रेस का चक्काजाम, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ बखरूपारा से गढ़बेंगाल चौक तक सड़क निर्माण की मांग, एक माह का अल्टीमेटम



**नारायणपुर।** जिले के प्रवेश द्वार बखरूपारा (एड़का चौक) से गढ़बेंगाल चौक तक अत्यधिक जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़क की मरम्मत एवं स्थायी निर्माण की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी नारायणपुर के तत्वावधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम अनुसार एड़का चौक पर धरना-प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया गया। सुबह 10 बजे से चले इस आंदोलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिलाएं एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। आंदोलन के दौरान सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर जोरदार नारेबाजी की गई और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई।

**महिलाओं की बड़ी भागीदारी-** सड़क पर बैठकर जताया विरोध धरना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं भी उपस्थित रहीं, जिन्होंने सड़क की खराब स्थिति के कारण हो रही दैनिक परेशानियों, दुर्घटनाओं और आवागमन की समस्या को लेकर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह मार्ग जिला मुख्यालय का प्रमुख प्रवेश मार्ग होने के बावजूद वर्षों से उपेक्षित है। आंदोलन के दौरान एसडीएम नारायणपुर को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से लिखित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि बखरूपारा (एड़का चौक) से गढ़बेंगाल चौक तक की सड़क तत्काल दुरुस्त की जाए सड़क निर्माण/मरम्मत का कार्य एक माह के भीतर प्रारंभ किया जाए यदि तय समयावधि में कार्य शुरू नहीं हुआ, तो आंदोलन को उग्र और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि जनहित से जुड़ा मुददा है।

# ठाकुर नीलकांत गोस्वामी का 97वां जन्मोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न



**किरंदुल।** बंगाली कैंप वार्ड नंबर 4 में स्थित श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर में ठाकुर नीलकांत गोस्वामी के 97वें जन्मोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति के साथ संपन्न हुआ। जन्मोत्सव के अवसर पर विधिवत गंगावरण किया गया, जिसके बाद रात्रि जागरण एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भजन-कीर्तन, धार्मिक गीतों से भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। रात्रि जागरण में नर नारायण सेवा संघ के तमाम श्रद्धालु सहित क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और भक्ति गीतों के माध्यम से अपनी श्रद्धा व्यक्त की। विशेष पूजा-अर्चना के बाद सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष हारूपद मिस्त्री एवं सचिव गोपाल हालदार ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम का उददेश्य धार्मिक परंपराओं का संरक्षण और समाज में आपसी सौहार्द को मजबूत करना है। भक्तों ने पूरे आयोजन को धार्मिक एकता और सनातन सांस्कृतिक परंपरा का सशक्त माध्यम बताया।

# शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र सुशांत नेताम का पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चयन




**कोण्डागांव।** शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के छात्र सुशांत नेताम का चयन पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन बास्केटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता के लिए किया गया है। वे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर की बास्केटबॉल पुरुष टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। सुशांत नेताम का यह चयन 16 से 17 दिसंबर 2025 को एल.सी.आई.टी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस, बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्तर बस्तर सेक्टर एवं दक्षिण बस्तर सेक्टर के खिलाड़ियों का चयन प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालय टीम हेतु किया गया। पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन बास्केटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 9 जनवरी 2026 तक यूनिवर्सिटी ऑफ कलकत्ता में किया जाएगा, जिसमें पूर्वी जोन के लगभग 40 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता से पूर्व चयनित खिलाड़ियों हेतु शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर में विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्राम के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से महाविद्यालय में जुलाई माह से ही उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी निरंतर अभ्यास और परिश्रम का परिणाम है कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सुशांत नेताम के इस चयन पर महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा आशा व्यक्त की कि वे पूर्वी जोन अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# बचेली व किरन्दुल में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित नवनियुक्त युवा मोर्चा पदाधिकारियों का हुआ भव्य स्वागत



**किरंदुल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राहुल असरानी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ओम सोनी एवं एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पीसे वेट्टी, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री सोमडू कोर्राम के आगमन पर किरन्दुल व बचेली में कार्यकर्त्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान शनिवार बचेली व किरन्दुल में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गर्व और जिम्मेदारी का विषय है कि पार्टी ने उन्हें युवाओं का नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि बचेली एवं किरंदुल की धरती सदैव संघर्ष, मेहनत और संगठन की मजबूती के लिए जानी जाती रही है। यहाँ के कार्यकर्ताओं का उत्साह यह सिद्ध करता है कि आने वाले समय में युवा मोर्चा जिले में एक नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। असरानी ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है।प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की रीढ़ बताते हुए उन्होंने आह्वान किया कि सभी युवा साथी घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हुए सामाजिक, शैक्षणिक एवं रोजगार से जुड़े मुददों पर सक्रिय रहना होगा। प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर ने संगठन विस्तार व युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए भाजपा की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# शिव मंदिर मार्ग चौड़ीकरण व मजबूतीकरण सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न



**कोण्डागांव।** लोक निर्माण विभाग (सेतु) संभाग कोण्डागांव अंतर्गत जिला कोण्डागांव के कोपाबेड़ा शिव मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण तथा सड़क एवं एक नग पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना की कुल लंबाई 2.9 किलोमीटर है, जिस पर लगभग 451.93 लाख रुपये की लागत आएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी सहित कई जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। विधायक लता उसेंडी ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और विकास को नई गति मिलेगी। यह मार्ग धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# सलीहोत्रा एक्सप्रेस पशु चिकित्सा वैन को न.पं अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी




**केशकाल।** ग्रामीण जीवन में पशुधन किसानों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। पशुओं के बिना कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कल्पना अधूरी है। वर्तमान समय में पशु रोगों की बढ़ती समस्या के बीच केशकाल विकासखंड में केवल एक पशु चिकित्सा केंद्र उपलब्ध होने से किसानों को समय पर उपचार मिलना कठिन हो रहा था। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए ग्राम सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में सलीहोत्रा एक्सप्रेस मोबाइल पशु चिकित्सा वैन का संचालन प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में केशकाल में मोबाइल पशु चिकित्सा वैन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल सोरी, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, एसडीओपी अरुण नेताम, टीआई विकास बघेल, पशु पालन विभाग के उपसंचालक डॉ. एम. बी. सिंह उपस्थित रहे। आपको बता दें कि यह वैन पशु चिकित्सा विभाग के समन्वय से संचालित की जा रही है, जिसके तहत उन गांवों को प्राथमिकता दी गई है जहां पशुओं में बीमारियों की अधिकता है और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सीमित है। सलीहोत्रा एक्सप्रेस एक पूर्णतः सुसज्जित मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई है, जिसमें पशुओं की सुरक्षित एवं सुविधाजनक जांच के लिए फोल्डिंग टाइप पशु जांच टेबल, हृदय व फेफड़ों की जांच हेतु वेटरनरी स्टेथोस्कोप, शरीर का तापमान मापने के लिए डिजिटल एवं मरकरी थर्मामीटर, सामान्य सर्जरी और प्राथमिक उपचार के लिए स्टरलाइज्ड माइनर सर्जिकल किट, दवा एवं टीकाकरण हेतु सिरिंज व नीडल्स, टीकों को सुरक्षित रखने के लिए वैक्सीन कैरियर बॉक्स, आवश्यक दवाओं के भंडारण हेतु मेडिसिन स्टोरेज बॉक्स, कृमिनाशक एवं टीकाकरण दवाएं, जांच व उपचार का रिकॉर्ड रखने के लिए रजिस्टर एवं टैबलेट, स्वच्छता व संक्रमण से बचाव के लिए दस्ताने, मास्क व सैनिटाइजर, डॉक्टर व सहायक के बैठने हेतु फोल्डिंग कुर्सी तथा मोबाइल इकाई के सुचारु संचालन के लिए बैटरी बैकअप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

यह मोबाइल वैन केशकाल विकासखंड के साथ जिले के अन्य विकासखंड में भी पशु चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध कराएगी। इसके माध्यम से गांवों में पशुओं का टीकाकरण, प्राथमिक उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, रक्त जांच और पशुपालकों को आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविरों के पश्चात पशु स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी भी की जाएगी, ताकि रोगों की समय पर पहचान और रोकथाम सुनिश्चित हो सके।

# पंचवटी के वनपाल धनीराम सलाम की सेवानिवृत्ति पर सेवा और सम्मान के साथ दी गई भावभीनी विदाई



**केशकाल।** वनमंडल केशकाल अंतर्गत परिक्षेत्र केशकाल में पदस्थ रहे वनपाल धनीराम सलाम के सेवानिवृत्ति के अवसर पर पंचवटी के गरिमामय वातावरण में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ दिव्या गौतम शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेंजर कृष्ण कुमार नेताम समेत परिक्षेत्र के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने धनीराम सलाम के दीर्घ सेवाकाल, कार्यशैली एवं विभाग के प्रति उनके योगदान की सराहना की तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानजनक सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं भावनात्मक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आपको बता दें कि धनीराम सलाम ने वन विभाग में अपने सेवाकाल की शुरुआत वर्ष 1983 में एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में की थी। अपनी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्य परायणता के बल पर उन्होंने निरंतर प्रगति करते हुए वर्ष 2007 में शासकीय वन रक्षक पद प्राप्त किया तथा तत्पश्चात वनपाल पद तक पदोन्नति पाकर विभाग में उल्लेखनीय सेवाएँ दीं। उनका सम्पूर्ण सेवाकाल वन संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं विभागीय दायित्वों के निर्वहन में समर्पित रहा। धनीराम सलाम अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व एवं सहयोगी भावना के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रहे।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रदेश सहसंयोजक प्रदीप सिंघो के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को फल वितरण किया गया



**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रदेश सहसंयोजक प्रदीप सिंघो का रायपुर से कोंडागांव नगर में आगमन हुआ प्रवास के दौरान प्रदीप सिंघो और उनकी धर्मपत्नी मौसमी सिंघो के विकास नगर स्टेडियम कोंडागांव में पहुंचने पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के पदाधिकारीयों और सदस्यों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने प्रदीप सिंघो और उनकी धर्मपत्नी मौसमी सिंघो को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण का निरीक्षण करवाया और बताया कि पूर्व सैनिकों के द्वारा युवाओं को प्रतिदिन 5 किलोमीटर दौड़ कराया जाता है उसके बाद ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक और अन्य प्रशिक्षण कराया जाता है तत्पश्चात प्रदीप सिंघो और उनकी धर्मपत्नी मौसमी सिंघो ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को फल वितरण किया इसके बाद प्रदीप सिंघो ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दिया और कहा की यदि आपने फौज में जाने का लक्ष्य बना लिया है तो उसके लिए आप कड़ी मेहनत करिए कभी हार मत मानिए, क्योंकि कोई लक्ष्य बड़ा नहीं, हारा वही जो लड़ा नहीं प्रदीप सिंघो ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के कार्यों की सराहना की और कहा कि कोंडागांव जिला के पूर्व सैनिक निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण देने के साथ-साथ युवाओं के अंदर राष्ट्र के प्रति देशभक्ति की भावना भी जागृत कर रहे हैं इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, सदस्य श्रीकांत तिवारी, राकेश धीवर और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले 75 युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हिन्दू पर हो रहे अत्याचार

**पखांजुर।** शिवसेना जिला युवा अध्यक्ष भोला पाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार, हिंदुओं की हत्या, हिंदुओं के जान माल की लूट , हिंदुओं के धर्मस्थल पर तोड़फोड़ रोकने हेतु उच्च स्तरीय प्रयास करने की मांग की है। विदित हो कि जब से बांग्लादेश में नई सरकार आई है। खुलेआम बंगाली हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। उनके धर्मस्थल तोड़े जा रहे हैं। उनके माता बहनों से बलात्कार किया जा रहा है । उनकी हत्या की जा रही है। बांग्लादेश में हिंदुओं की सुनने वाला कोई नहीं है। बांग्लादेश में हिंदुओं के मानव अधिकार के लिए बोलने वाला कोई नहीं है। शिवसेना विश्व के वैश्विक समुदाय से मांग करती है कि जब विश्व के किसी भी देश में कोई ऐसी घटना होती है तो वैश्विक समुदाय उस पर संज्ञान लेता है तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर विश्व समुदाय चुप क्यों है। विश्व समुदाय को भी खड़ा होकर बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। शिवसेना पुनः भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करती है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा सुनिश्चित करें एवं बांग्लादेश को दिए जाने वाले समस्त आर्थिक, सामरिक सहयोग को बंद करें। भारत में बांग्लादेश के दूतावास को बंद करें एवं भारत के अदानी द्वारा बांग्लादेश को किया जा रहे बिजली, एवं अन्य सप्लाई पर तत्काल रोक लगवाय। क्यों कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जान की कीमत पर व्यापार नहीं होना चाहिए।

# पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा पहुंचे केशकाल सड़क नवीनीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 केशकाल नगरसीमा में जारी सड़क नवीनीकरण कार्य के लिए अवैध अतिक्रमण को हटवाने और रुट डायवर्जन के सम्बंध मे चर्चा हेतु एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल हुए। बैठक के पश्चात एसपी ने सड़क नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, अपर कलेक्टर चित्रकान्त चाली ठाकुर, केशकाल एसडीएम आकांक्षा नायक, एसडीओपी केशकाल अरुण नेताम, थाना प्रभारी विकास बघेल, तहसीलदार गणेश सिदार समेत राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, यातायात विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने डिपो चौक से थाना परिसर तक पैदल चलकर निर्माण कार्य, अतिक्रमण एवं ट्रैफि क व्यवस्था का निरीक्षण किया। जहां नाली तक अतिक्रमण कर चुके दुकानदारों को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटवाने के सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान सड़क किनारे बेतरतीब खड़ी 25 वाहनों के खिलाफ एसपी के निर्देशानुसार केशकाल पुलिस द्वारा लगभग 7,500 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। एसपी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं नगरवासियों से आग्रह किया है कि सड़क नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने तक आप सभी पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। वाहनों को सड़क किनारे बेतरतीब पार्क न करते हुए नगर पंचायत द्वारा चिन्हित स्थानों में पार्किंग की जाए। यात्री बस संचालक शहर में ओवरस्पीड व ओवरटेक न करें। साथ ही जल्द से जल्द अतिक्रमण को स्वयं हटवा लेवें।



## संक्षिप्त समाचार

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 12 को

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी के सीओई भवन मे 12 जनवरी को सवेरे 10.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, मशीनिष्ट, वेल्डर, टर्नर, प्लम्बर, ट्रेक्टर मैकेनिक, शीट मेटल मोटर, मैकेनिक मोटर व्हिकल एवं कोपा के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस मेले में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए आदर्श आद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी बिलासपुर में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकतें हैं।

### सहकारी समिति का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**बिलासपुर।** पाटिलपुत्र गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित लिंगियाडीह का निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार संचालक मंडलों के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 11 जनवरी को नामांकन पत्र प्राप्त किये जाएंगे। 18 जनवरी को आमसभा आहूत कर निर्वाचन हेतु मतदान एवं मतगणना और 25 जनवरी को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री निवास में 8 जनवरी गुरुवार को होगा जनदर्शन

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में 08 जनवरी गुरुवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस अवसर पर प्रदेशवासियों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का त्वरित और संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समयबद्ध समाधान मिल सके।

### उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों एवं हितों के लिए सतर्क रहना आवश्यक

**कोरबा।** छग राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा द्वारा प्रतिमाह कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 31 दिसम्बर 2025 को ग्राम पंचायत नकटीखार में कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामवासियों को उनके अधिकारों व हितों की जानकारी दी गई। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि उपभोक्ता कौन है व उपभोक्ता के अधिकार क्या है? उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच, सेवा व संविदा शर्तें, बीमा, मेडिकल क्लेम फइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। अपने हित के विरुद्ध संविदा से परेशान होने पर वे ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से घर में बैठकर ही ई-फाइलिंग के माध्यम से जिला आयोग आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् आयोग के द्वारा ई-हियरिंग के माध्यम से वाद की सुनवाई का अधिकार भी उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला आयोग में शिकायत दायर करने के लिए वाद मूल्य के आधार पर पंजीयन शुल्क 5 लाख तक शून्य, 5 लाख से अधिक और 10 लाख से कम पर 200 रू फीस, 10 लाख से अधिक 20 लाख से कम की फीस 400 रू, 20 लाख से अधिक और 50 लाख से कम की फीस 1000 रू होगी, की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने की बात कही। आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए यह भी बताया कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों एवं हितों के लिए सतर्क रहना होगा एवं स्वयं जागरूक होना होगा, तभी जागो ग्राहक जागो की सार्थकता सिद्ध होगी। इस दौरान उपस्थित महिलाएं एवं अन्य ग्रामीणों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। शिविर के दौरान आयोग के कर्मचारीगण मनीराम श्रीवास, संजय शर्मा, नूतन राजपूत, ग्राम पंचायत नकटीखार के सरपंच अमृत लाल, गांव के वरिष्ठ नागरिक अजीत दास महंत, मनोज विशनानी, ग्राम की उपसरपंच, मितानिन सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### बालको ने किया मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कोरबा। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने आखिरी जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत रिसदा क्षेत्र में एक मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर से आसपास के समुदाय के बच्चों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित कुल 239 ओपीडी लाभार्थी लाभान्वित हुए। यह स्वास्थ्य शिविर बालको सीएसआर की 'उपचार आपके द्वार' पहल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, जिसके माध्यम से पोर्टेबल लैब डायग्नोस्टिक्स और फिजियोथेरेपी सेवाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया गया। शिविर के अंतर्गत लाल घाट, चेकपोस्ट, भाद्रापारा, सतनामनगर एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित रिसदा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। बालको की सामुदायिक विकास टीम द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सहयोग से शिविर में समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

### भारत सरकार से मिला गेड़ी लोक नृत्य दल को विशेष आमंत्रण

# गणतंत्र दिवस समारोह नई दिल्ली में होगा छत्तीसगढ़ के गेड़ी नृत्य का भव्य प्रदर्शन

**बिलासपुर।** भारत सरकार एवं महामहिम राष्ट्रपति महोदया के मार्गदर्शन में आयोजित देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस परेड एवं समारोह, नई दिल्ली में इस वर्ष छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की विशेष झलक देखने को मिलेगी। छत्तीसगढ़ की संस्था लोक श्रृंगार भारती गेड़ी लोक नृत्य दल को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदर्शन हेतु भारत सरकार से औपचारिक आमंत्रण प्राप्त हुआ है। दल के 35 लोक कलाकार, संस्था के निदेशक अनिल गढ़ेवाल के कुशल नेतृत्व में गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता करेंगे। यह छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार है जब किसी एक संस्था के 35 लोक कलाकारों को एक साथ राष्ट्रीय मंच पर नृत्य प्रस्तुति का अवसर मिला है। लोक नृत्य निर्देशक अनिल गढ़ेवाल ने बताया कि गेड़ी लोक नृत्य का चयन छत्तीसगढ़ की पुरातन एवं आदिवासी लोकसंस्कृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है। नृत्य में पारंपरिक वेशभूषा के अंतर्गत कौड़ियां, चीनी मिट्टी की मालाएं, पटसन वस्त्र, सिकबंध, मयूर पंख, रंग-बिरंगे फूंदरा तथा सूती परिधान शामिल हैं। पारंपरिक वाद्य यंत्रों में मांदल, झांझ, झुमका, खझरी, टीमकी और बांसुरी



का प्रयोग किया जाएगा। नृत्य एवं गीत शैली पूर्णत: पारंपरिक होगी, जो छत्तीसगढ़ की मूल पहचान को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करेगी। प्रमुख मांदल वादक के रूप में संगीतकार संजय रात्रे एवं मोहन डोंगरे प्रस्तुति देंगे।गेड़ी नृत्य गीत का गायन अनिल गढ़ेवाल करेंगे, जबकि सहगायक भरत वस्त्रकार एवं फगुराम सूर्यवंशी होंगे।बांसुरी वादन में रामनाथ उत्तम एवं महेश नवरंग, हारमोनियम में सौखीलाल कोसले तथा झुमका वादन में रामनाथ उत्तम अपनी स्वर-लहरियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।मुख्य गेड़ी नर्तक के रूप में प्रभात बंजारे एवं लक्ष्मीनारायण माण्डले, तथा सह नर्तकों के रूप में सूरज खांडे, फूलचंद ओगरे, मनोज माण्डले, शुभम भार्गव, सुनील गेंदले, उदय खांडे, नरोत्तम घृतलहरे, दानी साहू, प्रियांशु भास्कर, मनीष यादव, गुलशन घोसले, गेंदलाल साहू, चंद्रशेखर यादव, अमित बंजारे, सुजल कुमार आनंद, सोनू दास चतुर्वेदी, अनीश ओगरे, सोनू ओगरे, वीरेंद्र ओगरे, संजय ओगरे, अजय बंजारे, जयकिशन बर्मन, दिनेश चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र साहू, प्रभाकर बंजारे एवं विकास कुर्रे पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुति देंगे। उल्लेखनीय है कि इसी माह दिल्ली के लाल किला में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में यूनेस्को के 120 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे, गेड़ी लोक नृत्य को विदेशी अतिथियों से भरपूर सराहना मिली। स्वयं यूनेस्को के महासचिव ने गेड़ी नृत्य दल की प्रशंसा की थी। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ के गेड़ी नृत्य दल को आमंत्रण मिलने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक श्री अमर अग्रवाल एवं बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने गेड़ी लोक नृत्य दल को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## एरोड्रम कमिटी व एरोड्रम इन्वायरमेंट मैनेजमेंट कमिटी की बैठक संपन्न.....

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में आज कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में एरोड्रम कमिटी मीटिंग एवं एरोड्रम इन्वायरमेंट मैनेजमेंट कमिटी मीटिंग का आयोजन किया गया। यह बैठक बीसीएएस एवं डीजीसीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। एरोड्रम कमिटी मीटिंग में सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी, डीएफ्ओ, एयरपोर्ट डायरेक्टर, सीएमएचओ, सीएसओ, इंटेलिजेंस ब्यूरो, क्यूएएसओ, एयरलाइंस स्टेशन मैनेजर, मनोचिकित्सक, भाषा विज्ञानी, एसडीएम, सीएमओ एवं स्थानीय थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विमान अपहरण जैसी



आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों की भूमिका, जिम्मेदारियों एवं आपसी समन्वय पर विशेष चर्चा की गई। इसके साथ ही एरोड्रम इन्वायरमेंट मैनेजमेंट कमिटी मीटिंग भी आयोजित की गई, जिसमें विमानों के सुरक्षित संचालन से जुड़े पर्यावरणीय मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। इस बैठक में एसपी, एयरपोर्ट नोडल अधिकारी, एयरपोर्ट डायरेक्टर, सेफ्टी मैनेजर, डीएफ्ओ, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय पुलिस एवं अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में उड़ान के दौरान पक्षियों एवं वन्य जीवों से टकराव की संभावनाओं को कम करने तथा इसके प्रभावी रोकथाम उपायों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने एयरपोर्ट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सतत निगरानी और समन्वित प्रयासों पर जोर दिया।

## दोगुना मुनाफा दिलाने के नाम पर 1.31 करोड़ की ऑनलाइन ठगी...

■ जालसाजों ने लिंक भेजकर बनाया शिकार




**बिलासपुर।** दोगुनी रकम कमाने का लालच देकर एक व्यक्ति से 1 करोड़ 31 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।जानकारी के अनुसार, हेमूनगर निवासी कुलवीर सिंह भट्टी पहले हैवंस कंपनी में कार्यरत थे। बाद में उन्होंने नौकरी छोड़ दी। मई 2025 में उनके मोबाइल पर अनजान मोबाइल नंबर से एक लिंक आया। उन्होंने लिंक सर्च किया तो मैसेज आया। उसमें पैसा लगाने पर दोगुना कमाने की बात कही गई थी।ठगों की बातों में आकर कुलवीर सिंह भट्टी ने पैसे जमा करना शुरू कर दिया। मोबाइल धारकों ने अलग-अलग तरीकों से झांसा देकर उनसे लगातार रकम जमा करवाई। इसके लिए उन्होंने घर के जेवरात गिरवी रखे और रिश्तेदारों से उधार लेकर भी पैसे जमा किए। करीब 8 माह के भीतर उन्होंने कुल 1 करोड़ 31 लाख रुपये निवेश कर दिए।जब उन्होंने जमा राशि की दोगुनी रकम की मांग की तो आरोपियों ने 85 हजार रुपये और जमा करने पर भुगतान करने की बात कहकर उन्हें टालते रहे। इसके बाद संबंधित मोबाइल नंबर बंद कर दिए गए। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी परिजनों और रिश्तेदारों को दी, तब उन्हें ऑनलाइन ठगी का शिकार होने का एहसास हुआ।इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 66(घ), 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## तीन दिवसीय 'विकसित भारत2047' जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया...

**बिलासपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर द्वारा बिलासपुर स्थित ऊर्जा शिक्षा उद्यान में आयोजित तीन दिवसीय 'विकसित भारतञ्च2047' जन-जागरूकता कार्यक्रम एवं भव्य चित्र प्रदर्शनी का आज शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम आगामी 7 जनवरी 2026 तक आम नागरिकों के अवलोकन हेतु खुला रहेगा। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सवन्नी ने प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण कर विभिन्न थीम आधारित स्टॉलों का अवलोकन किया तथा आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारतञ्च2047' देश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में एक सशक्त राष्ट्रीय संकल्प है, जिसे




जनभागीदारी के माध्यम से ही साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान गीत एवं नाट्य विभाग के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया गया, जिसे दर्शकों ने विशेष रूप से सराहा। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत 'विकसित भारत' के चार प्रमुख स्तंभकृयुवा, महिला, किसान और गरीब पर केंद्रित विशेष चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें भारत की विकास यात्रा, प्रमुख सरकारी पहलें और भावी दृष्टिकोण को दर्शाया गया है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य, 'विकसित भारत-जी राम जी' के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्वतंत्रता की शताब्दी तक भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने के विज़न पर प्रकाश डाला जा रहा है।कार्यक्रम में आर्थिक, सामाजिक एवं डिजिटल सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जोड़ने के उद्देश्य से विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, प्रतिभागियों को 'माई गवर्नमेंट' पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण हेतु अपने सुझाव एवं नवाचारी विचार साझा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जन-जागरूकता को और अधिक सहभागितापूर्ण बनाने के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय प्रतिभागियों के लिए पोस्टर मेकिंग, चित्रकला, स्लोगन लेखन, मेहंदी और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी दिनों में सम्मानित किया जाएगा।

## रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं सामाजिक दायित्वों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ



**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अपराधों की रोकथाम तथा सामाजिक सरोकारों के निर्वहन हेतु वर्ष 2025 के दौरान विभिन्न विशेष अभियानों के अंतर्गत प्रभावी एवं सराहनीय कार्य किए गए हैं । इसी कड़ी में ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर में स्पेशल टास्क टीम एवं अपराध गुप्तचर शाखा को सक्रिय कर महत्वपूर्ण स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में निगरानी बढ़ाई गई । इसके परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में 267 तथा वर्ष 2025 में 303 आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित एजेंसियों को सौंपा गया । यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने हेतु रात्रिकालीन एस्कॉर्टिंग की जा रही है । अवैध टिकट दलाली के विरुद्ध ऑपरेशन उपलब्ध के अंतर्गत वर्ष 2024 में 331 टिकट दलालों को गिरफ्तार कर लगभग ?1.27 करोड़ मूल्य के टिकट जब्त किए गए, वहीं वर्ष 2025 में 277 दलालों की गिरफ्तारी कर ?62.10 लाख मूल्य के टिकट बरामद किए गए । इन मामलों में रेलवे अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत विधिपूर्ण कार्रवाई की गई है । ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते के माध्यम से घर से बिछड़े बच्चों को सुरक्षित बचाकर उनके परिजनों से मिलाने का मानवीय कार्य लगातार किया जा रहा है । इस अभियान के तहत वर्ष 2023 में कुल 275 बच्चों का रेस्क्यू किया गया, जिनमें 155 बालक एवं 120 बालिकाएं शामिल थीं । इसी क्रम में वर्ष 2024 के दौरान 303 बच्चों को सुरक्षित बचाया गया, जिनमें 193 बालक एवं 110 बालिकाएं थीं । वहीं वर्ष 2025 में ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते के अंतर्गत 304 बच्चों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया, जिनमें 184 बालक एवं 120 बालिकाएं शामिल रहीं । इन बच्चों को रेस्क्यू कर चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से उनके परिवारों को सौंपा गया, जिससे अनेक परिवारों में खुशियाँ लौटीं । मानव तस्करी की रोकथाम हेतु ऑपरेशन आहट के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समन्वय से सतत अभियान चलाया गया । वर्ष 2025 में 7 मानव तस्करों को गिरफ्तार कर 12 लोगों को तस्करी के चंगुल से मुक्त कराया गया । यह अभियान निरंतर जारी है । नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश हेतु ऑपरेशन नारकोस के तहत वर्ष 2025 में 63 मामलों में 78 आरोपियों को गिरफ्तार कर 713.522 किलोग्राम मादक पदार्थ (अनुमानित मूल्य ?1.70 करोड़) जब्त किए गए । बीते तीन वर्षों में कुल ?5.30 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थों की जब्ती कर 283 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किया गया । रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों की सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन एवं अपराधमुक्त रेलवे परिसर के संकल्प के साथ निरंतर कार्यरत है ।

# डिजिटल भुगतान को बढ़ावा.....रेलवन ऐप से अनारक्षित टिकटों पर 3 प्रतिशत तक की छूट

■ रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी – रेलवन ऐप से अनारक्षित टिकट बुकिंग हुई और भी किफायती

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा में वृद्धि, सेवा गुणवत्ता में सुधार तथा डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक नई एवं अत्याधुनिक मोबाइल एप्लीकेशन रेलवन उपलब्ध कराई गई है। यह एप्लीकेशन भारतीय रेल से संबंधित विभिन्न सेवाओं को एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराते हुए यात्रियों के लिए एक वन-स्टॉप डिजिटल सॉल्यूशन के रूप में कार्य कर रही है। रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकट बुकिंग सहित कई आवश्यक रेल सेवाओं का लाभ सरल, सुरक्षित एवं त्वरित रूप से प्राप्त कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा को और अधिक सुदृढ़ करने तथा डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवन ऐप से अनारक्षित टिकटों की बुकिंग पर अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के क्रम में रेलवन ऐप के माध्यम से सभी स्वीकृत डिजिटल भुगतान विकल्पों द्वारा अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को 3 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह विशेष छूट 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगी, जिसके दौरान यात्री इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस छूट का लाभ यूपीआई मोबाइल वॉलेट, नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, क्ञाढ्रूऐप सहित सभी स्वीकृत डिजिटल भुगतान माध्यमों के माध्यम से रेलवन ऐप पर की गई अनारक्षित टिकट बुकिंग पर मिलेगा। यह प्रावधान आर-वॉलेट को छोड़कर रेलवन ऐप पर उपलब्ध सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से की गई अनारक्षित टिकट बुकिंग पर लागू होगा। साथ ही आर-वॉलेट के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने की स्थिति में यात्रियों को 3 प्रतिशत बोनस




कैशबैक प्रदान करने की मौजूदा व्यवस्था पूर्ववत जारी रहेगी। इस सुविधा की जानकारी अधिकाधिक यात्रियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से रेलवन ऐप एवं उससे जुड़ी सुविधाओं की जानकारी नियमित रूप से प्रसारित की जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेलवन ऐप यात्रियों के लिए एक आधुनिक और समग्र डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसके माध्यम से रेलवे से जुड़ी अनेक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध है। यह ऐप न केवल यात्रियों के समय और संसाधनों की बचत करता है, बल्कि उन्हें सुरक्षित, पारदर्शी एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव भी प्रदान करता है। अनारक्षित टिकटों पर दी जा रही यह छूट डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही यात्रियों को आर्थिक लाभ प्रदान करने के साथ-साथ डिजिटल इंडिया अभियान को मजबूती देते हुए रेलवे सेवाओं को और अधिक आधुनिक, पारदर्शी एवं यात्रीङ्कअनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सकट चौथ पर भगवान गणेश की पूजा में तिल और गुड़ का विशेष महत्व

**माघ मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सकट चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। सकट चौथ का व्रत संतान की सुरक्षा और परिवार की सुख-शांति के लिए रखा जाता है। इस साल सकट चौथ का व्रत 6 जनवरी दिन मंगलवार को रखा जाएगा। इस दिन भगवान गणेश की पूजा की जाती है और उन्हें तिलकुट का भोग लगाया जाता है। सकट चतुर्थी को वक्रतुण्डी चतुर्थी, माही चौथ और तिलकुटा चौथ भी कहते हैं। आइए जानते है एवं हस्त रेखा विशेषज्ञ चंद्रशेखर सहस्त्रबाहुः से सकट चतुर्थी व्रत से जुड़ी पूरी जानकारी**



### सकट चतुर्थी व्रत मुहूर्त

माघ कृष्ण चतुर्थी तिथि प्रारंभ 6 जनवरी 2026 दिन मंगलवार की सुबह 8 बजकर 01 मिनट पर शुरू होगी। माघ कृष्ण चतुर्थी तिथि का समापन 7 जनवरी 2026 दिन बुधवार की सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर होगी। सकट चौथ के दिन चंद्रोदय रात 8 बजकर 54 मिनट पर होगा। चंद्रोदय तिथि के अनुसार सकट चौथ का व्रत 6 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को रखा जाएगा।

### सकट चौथ व्रत पूजा विधि

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र पहनें। हाथ में जल लेकर व्रत का संकल्प लें। शाम के समय एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं और भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करें। गणेश जी को पीले वस्त्र धारण करा कर, धूप, घी, लाल रोली, कलावा, फूल अर्पित करें। गणेश जी को 21 दूर्वा की गांठें चढ़ाएं। दूर्वा गणेश जी को अत्यंत प्रिय है। तिल और गुड़ से बना तिलकुट का भोग लगाएं और मोदक या फल भी चढ़ाएं। घी का दीपक जलाकर गणेश जी की आरती करें। सकट चौथ की व्रत कथा जरूर पढ़ें या सुनें। बिना कथा के पूजा अधूरी मानी जाती है।

### चंद्रोदय और अर्घ्य के नियम

सकट चौथ का व्रत चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही संपन्न होता है। सकट चौथ के दिन चंद्रोदय रात 8 बजकर 54 मिनट पर होगा। भगवान श्रीगणेश के पूजन के बाद चंद्रदेव को अर्घ्य अर्पित किया जाता है, और चंद्र देव से घर-परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की जाती है। रात में चंद्र उदय होने के बाद लोटे में जल, दूध, तिल और अक्षत मिलाकर चंद्रमा को अर्घ्य दें। चंद्रमा को देखते हुए अपने परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करें।

#### सकट चौथ व्रत पूजन सामग्री

### भगवान गणेश की प्रतिमा या चित्र

पूजा के लिए तांबे या मिट्टी का कलश और एक लोटा जल लकड़ी की चौकी और उस पर बिछाने के लिए लाल या पीला कपड़ा, तिल और गुड़ से बना तिलकुट, मोदक और मौसमी फल, रोली, सिंदूर, हल्दी, चंदन, इत्र, अबीर, गुलाल और अक्षत

#### गणेश जी को प्रिय 21 दूर्वा की गांठें

दूध, दही, घी, शहद और चीनी का मिश्रण पंचामृत

#### आरती और दीप सामग्री

गाय का शुद्ध घी और दीपक, धूपबत्ती, अगरबत्ती और कपूर रुई की बत्ती और माचिस, कलावा, सुपारी, पान का पत्ता, लौंग और इलायची लें।

# गर्दन की अकड़न और दर्द से राहत देगा योगासन

ऑफिस में घंटों एक ही जगह बैठकर काम करने से कई बार गर्दन में दर्द और अकड़न महसूस होने लगती है। गर्दन में होने वाले इस दर्द का उपचार अगर समय रहते ना किया जाए तो यह ना सिर्फ रोजमर्रा के काम में रूकावट पैदा करता है,बल्कि सेहत से जुड़ी कई समस्याएं भी पैदा करने लगता है। अक्सर लोग दर्द से राहत पाने के लिए दवाओं का सहारा लेते हैं,लेकिन गर्दन के दर्द के लिए दवा लेना जरूरी नहीं होता है। आप इसे घर पर ही कुछ योगा अभ्यास करके दूर कर सकते हैं। आइए जानते हैं आखिर कौन से योगासन गर्दन के दर्द से राहत दिला सकते हैं।





### चक्रवाकासन

चक्रवाकासन योग करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। इस योग मुद्रा का अभ्यास करने से पीठ और कमर की मांसपेशियों को आराम मिलता है। साथ ही लंबे समय तक बैठे रहने के कारण व्यक्ति को जो अकड़न और परेशानी महसूस होती है, उससे भी निजात मिल सकता है। इस योगासन का नियमित अभ्यास कमर और गर्दन के दर्द से छुटकारा दिला सकता है।

### चक्रवाकासन करने का तरीका

चक्रवाकासन करने के लिए आप सबसे पहले योगा मैट पर गाय की तरह अपने दोनों हाथों और पैरों के सहारे आ जाएं। अब अपने कंधों को अपनी कलाई के नीचे और कूल्हों को घुटनों के नीचे रखने की कोशश करें। ध्यान रखें, ऐसा करते समय आपका शरीर एक टेबल टॉप स्थिति में होना चाहिए। इस दौरान अपने पैर की उंगलियां अंदर और गर्दन लंबी रखने की कोशिश करें। अब गहरी सांस लें और पेल्विस को पीछे की ओर झुकाएं ताकि आपकी टेलबोन ऊपर उठी रहे। अपने पेट की मांसपेशियों को अंदर की तरफ खींचने की कोशिश करें ताकि रीढ़ की हड्डियां आपस में मिल सके। अब अपनी शरीर को धीरे-धीरे ऊपर की ओर ले जाएं और अपनी पीठ को फर्श की ओर मोड़ें। अपनी टेलबोन को झुकाएं और ऊपर की ओर देखें और गहरी सांस लें। इसी अवस्था में 1 मिनट तक रहने का प्रयास करें। फिर धीरे-धीरे वापस पहले वाली मुद्रा में आ जाएं।

### उत्थिता त्रिकोणासन

उत्थिता त्रिकोणासन आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को लाभ पहुंचा सकता है। उत्थिता त्रिकोणासन करने से पैरों,जांघों और टखनों में खिचाव महसूस होता है, जिससे वो मजबूत बनाते हैं। उत्थिता त्रिकोणासन करने से तनाव से भी छुटकारा मिलता है।



### उत्थिता त्रिकोणासन करने का सही तरीका

उत्थिता त्रिकोणासन करने के लिए सबसे पहले अपने पैरों को चौड़ा रखें और अपने अगले पैर को आगे की ओर और अपने पिछले पैर को सीधा रखें। अपने आप को संतुलित रखते हुए, अपने बाएं हाथ को अपने सामने वाले पैर पर लाएं। अब अपने सिर को घुमाएं,ताकि आपका दाहिना हाथ छत की ओर ऊपर हो। ऐसा करते हुए यह सुनिश्चित करें कि आप अपने हाथ की ओर देखें। अब कई बार गहरी सांसें लें और मुद्रा बनाए रखते हुए अपना संतुलन बनाए रखें।

# बच्चों के शरीर में खून की कमी पूरी करेंगे ये फूड्स



शरीर में खून की कमी होने पर कमजोरी आने लगती है। वहीं यदि आपके बच्चे भी एकदम से कमजोर होने लगे हैं,तो उनके शरीर में एनीमिया की कमी हो सकती है। डाइट में पोषक तत्वों की कमी होने के कारण बच्चों को एनीमिया हो सकता है। इसके अलावा बच्चे की त्वचा पीली पड़ना, थकान महसूस होना भी बच्चों में एनीमिया के लक्षण ही होते हैं। ऐसे में यदि आप बच्चों के शरीर में खून की मात्रा बढ़ाना चाहते हैं तो उनकी डाइट में कुछ फूड्स शामिल कर सकते हैं।



टमाटर - सलाद या सैंडविच में टमाटर डालकर आप बच्चों को दे सकते हैं। बच्चे को रोज 1-2 टमाटर खिलाने हैं, बच्चे को आप चाहें तो रोज एक गिलास टमाटर को जूस भी दे सकते हैं। यह विटामिन-सी और लाइकोपीन से युक्त होता है। विटामिन-सी खाद्य पदार्थों से मिलने वाले आयरन को अवशोषित करने में भी मदद करता है।

अनार - प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फैट और फाइबर से युक्त अनार आप बच्चों को दे सकते हैं। इसमें आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह बच्चे के लिए सूपरफूड है। यदि आप चाहते हैं कि बच्चे में खून की कमी न हो तो आप उन्हें रोजाना 200 ग्राम अनार खिलाएं।

पालक - आधा कप उबली हुई पालक आप बच्चों को दे सकते हैं। पालक में 3.2 मिलीग्राम आयरन पाया जाता है। एक कप पानी में 1/2 कप पालक उबालकर उसका सूप बना दें। पालक को एक गिलास में 2 चम्मच शहद आप पीने को दे सकते हैं। 40 दिनों तक रोज अपने बच्चे को दें।

चुकंदर और सेब - एक कप सेब का रस, एक कप चुकंदर के रस में 1- 2 शहद मिलाएं। तीनों चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर बच्चे को दिन में दो बार दें। सेब में आयरन काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है,वहीं दूसरी और चुकंदर में उच्च मात्रा में फोलिक एसिड होने के साथ-साथ फाइबर और पोटैशियम होता है। ऐसे में इन दोनों चीजों को आप बच्चों को दे सकते हैं।



तिल - तिल भी बच्चों में खून की कमी दूर कर सकते हैं। मुख्यतौर पर काले तिल आयरन का अच्छा स्रोत पाए जाते हैं। दो घंटे के लिए तिल के बीजों को भीगोने के लिए रख दें। अब इनका पानी छानकर और तिल को पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट में शहद डालकर मिलाएं। बच्चे को दिन में दो बार ये पेस्ट दलिये के रूप में खिलाएं। इसे स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाने के लिए आप इसमें बादाम, काजू और किशमिश जैसे ड्राई फ्रूट्स भी डाल सकती हैं।

# मेकअप से पहले कैसे करें स्किन केयर

**पार्टनर के साथ डेट पर जाने के लिए महिलाएं खूब तैयारियां करती हैं। इस दिन के लिए वह एक से एक कपड़ों की शॉपिंग करती हैं और खुद को स्टाइल करने के लिए बेहद खूबसूरत जूलरी भी खरीदती हैं। हालांकि, मेकअप में कमी हो जाने पर चेहरा डल और काला दिखने लगता है। अगर आप इस तरह की स्किन से बचना चाहती हैं तो मेकअप से पहले सही स्किन केयर को फॉलो कर लें। अच्छे स्किन केयर को अपनाने पर चेहरा सुंदर और ग्लोइंग दिखेगा, जिससे पार्टनर की नजरें आप पर टिकी रहेंगी।**

- क्लींजर, टोनर और मॉइस्चराइजर को अपने रोजाना के स्किन केयर रूटीन में शामिल करें। ये त्वचा के हाइड्रेशन को बढ़ाती है।
- चेहरे पर हाइड्रेटिंग सीरम लगाएं। ये नमी को त्वचा में सील करने के लिए और त्वचा की बनावट में सुधार करने के लिए मदद करती है।
- आंखों के आसपास की देखभाल की जरुरत होती है। ऐसे में अंडरआई एरिया को हाइड्रेट करने, चमकाने और निखार लाने के लिए आई क्रीम या फिर किसी जेल को लगाएं।
- मेकअप से पहले फलों के मास्क को लगाएं। इससे त्वचा में चमक बढ़ती है। केले, सेब, एवोकाडो, पपीता और संतरे जैसे फलों को स्किन पर लगाने से फायदा हो सकता है। इन फलों का गूदा निकालकर चेहरे पर लगाएं और फिर सादे पानी से धोने से पहले पैक को 20 से 30 मिनट तक लगा रहने दें।
- होठों पर हाइड्रेशन की कमी से होंठ जल्दी सूख जाते हैं। ऐसे में ड्राई और फटने से बचाने के लिए नारियल तेल या विटामिन-ई जैसे हाइड्रेटिंग तत्वों से मॉइस्चराइज करें।



# आस्था और भक्ति में लीन श्रद्धालु



**आस्था और भक्ति का भव्य दृश्य मुंबई के गोरेगांव में देखने को मिला। सनराज ग्रुप द्वारा आयोजित तथा श्री राम कथा समिति, मुंबई के तत्वावधान में संपन्न श्री राम कथा एवं कलश यात्रा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण 'जय श्री राम'के जयघोष से गूंजता रहा और पूरा क्षेत्र राममय हो गया।**

यह आयोजन प्रेममूर्ति पूज्य संत श्री प्रेमभूषण जी महाराज के पावन आशीर्वाद से तथा पूज्य श्री राजन जी महाराज की अमृतमयी वाणी द्वारा किया जा रहा है। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत भव्य कलश यात्रा शनिवार, 3 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके उपरांत श्री राम कथा का आयोजन शनिवार, 3 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक किया जा रहा है। यह नौ दिवसीय आयोजन लक्ष्मी सरस्वती ग्राउंड, महाराजा अग्रसेन मार्ग, बांगुर नगर, गोरेगांव पश्चिम, मुंबई में हो रहा है। कथा के क्रम में 3 जनवरी को श्री रामकथा महिमा, 4 जनवरी को श्री शिव–पार्वती विवाह, 5 जनवरी को श्री राम जन्मोत्सव, 6 जनवरी को बाल लीला, 7 जनवरी को धनुषभंग एवं श्री सीता–राम विवाह महोत्सव, 8 जनवरी को केवट प्रेम, 9 जनवरी को श्री राम मंगल यात्रा एवं भरत चरित्र पूर्वार्ध, 10 जनवरी को भरत चरित्र उत्तरार्ध एवं शबरी प्रेम तथा 11 जनवरी को सुंदरकाण्ड एवं श्री राम राज्याभिषेक का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजकों चंद्रकांत गुप्ता, संदीप गुप्ता और राजदीप गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजकों के अनुसार, श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता यह दर्शाती है कि राम भक्ति आज भी समाज को जोड़ने की सशक्त शक्ति है।

# प्रेग्नेंसी में ना खाएं अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड



*प्रेग्नेंसी में आमतौर पर हेल्दी चीजों को खाने की सलाह दी जाती है। डॉक्टर भी मां और होने वाले बच्चे के लिए प्रेग्नेंसी के दौरान पोषण युक्त फूड पर फोकस करने की सलाह देते हैं, लेकिन इस दौरान मां को कई चीजों का स्वाद चखने की क्रेविंग होती है और वो इस दौरान मनपंसद खाना खाने की कोशिश करती है। क्रेविंग के चलते प्रेग्नेंसी में मनपंसद खाना सही है लेकिन इस दौरान अल्ट्राप्रोसेस्ड और फास्ट फूड को अवॉइड करना चाहिए। खासकर इस दौरान डिब्बा बंद और प्रोसेस्ड फूड को खाने से बचना चाहिए। चलिए जानते हैं कि प्रेग्नेंसी के दौरान किन चीजों को खाने से पहले दो बार सोचना चाहिए।*

### क्या कहती है स्टडी

गर्भवती महिलाओं को चीज बर्गर और बॉक्स में पैक होकर आने वाली पेस्ट्रीज खाने से पहले दो बार सोचना चाहिए। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे फूड जो प्रोसेस्ड किए गए हों और प्लास्टिक की पैकिंग में आते हों,वो प्रेग्नेंट महिलाओं को नुकसान कर सकते हैं।

रिसर्च में कहा गया है कि जिन फूड को प्लास्टिक में रैप और पैक किया जाता है, वो फूड प्लास्टिक में मिले कैमिकल पैथलेट के संपर्क में आकर शरीर को नुकसान करते हैं। यहां तक कि फूड डिलीवरी करने वाले व्यक्ति के हाथों में पहने प्लास्टिक के दस्ताने भी फूड में रिएक्शन कर सकते हैं,जिससे मां और होने वाले बच्चे की सेहत को खतरा हो सकता है। एक बार ये कैमिकल शरीर में पहुंच जाए तो रक्त कोशिकाओं में पहुंच जाता है और प्लेसेंटा के जरिए ये गर्भ में पल रहे बच्चे के खून में जाकर मिल जाता है।



### मां के साथ साथ बच्चे को भी नुकसान

प्लास्टिक में पाए जाने वाले इस खतरनाक कैमिकल से शरीर को बहुत नुकसान होता है। ये मां के शरीर में खून में घुलता है और बच्चे के भी खून में घुलकर ऑक्सिडेटिव तनाव को जन्म देता है। इससे पेट में पल रहे भ्रूण के विकास पर बहुत बुरा असर पड़ता है। अगर ये भ्रूण के खून में मिल जाए तो बच्चे के जन्म के समय उसका कम वजन, समय से पहले डिलीवरी और बच्चे के मानसिक विकास पर असर पड़ता है। इससे मेंटल हेल्थ संबंधी डिसऑर्डर जैसे ऑटिज्म और एडीएचडी जैसे रिस्क हो सकते हैं। आपको बता दें कि ये पहली स्टडी है जिसमें प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के रिस्क बताए गए हैं और ये रिस्क पेथलेट कैमिकल के एक्सपोजर से जुड़े हैं।

# छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी कस्तूरबा विद्यालय बेमेतरा की बेटियां

## पंजाब के लिए हुई रवाना



**बेमेतरा।** पंजाब लुधियाना में 69वी राष्ट्रीय शालेय खेल क्रीड़ा, गतका का खेल का आयोजन हो रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर 6 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2026 तक होना है। इसमें बालक/ बालिका अंडर-19 प्रतिभागी शामिल होंगे। इस आयोजन से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की दोनों होनहार बालिकाओं दुर्गा गायकवाड़ तथा चांद चतुर्वेदी का गतका का खेल में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रही है। इस आयोजन से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे के द्वारा दोनों बेटियों की आरती कर, तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर जीत के लिए आशीर्वाद देकर 04/01/26 को पंजाब के लिए रवाना किया। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक, अजय कुमार वर्मा तथा सेवानिवृत्त खेल प्रशिक्षक जी.एस.राजपूत उपस्थित रहे एवं बच्चों को आशीर्वाद दिया। आज फिर से दोनों बेटियों ने साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम करने वाला की कभी हार नहीं होती। विद्यालय की इस उपलब्धि पर अधीक्षिका भारती घृतलहरे, शिक्षिकाओं ममता गुरुपंच, राजकिरण मिश्रा, गायत्री साहू विजयलक्ष्मी परगनिया, स्टाफ सावित्री यादव, दीप्ति नवरंगे, अनीता साहू, नेहा वर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप को दी शुभकामनाएं

**लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप एवं एस आर हॉस्पिटल एंड कालेज के कैलेण्डर की प्रशंसा की**




**दुर्ग।** लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप एवं एस आर हॉस्पिटल एंड कालेज का प्रकाशित वार्षिक कैलेण्डर में हिन्दू नववर्ष, धार्मिक तिथियों तीज-त्योहारों एवं ,शासकीय अवकाशों के साथ की विस्तृत जानकारियां मौजूद है।

ये कहना है भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केबिनेट मंत्री छ्ग शासन श्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय का जिन्हें सोमवार को लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप के प्रधान संपादक एवं एस आर हॉस्पिटल एंड कालेज दुर्ग के चेयरमैन संजय तिवारी अपनी टीम के साथ श्री पाण्डेय के निवास पर जाकर जब नव प्रकाशित कैलेण्डर उन्हें भेंट किया।

इस दौरान चर्चा करते हुए श्री पाण्डेय ने लोकतंत्र प्रहरी अखबार सहित कैलेण्डर के प्रकाशन पर प्रधान संपादक सहित टीम को बधाई के साथ शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर कमल किशोर शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाज सेवी विष्णु पाठक, संजय नायक एवं लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप एवं एस. आर. हॉस्पिटल एवं कॉलेज के चेयरमैन संजय तिवारी,व ओम नमः शिवाय सहित अन्य साथीगण उपस्थित थे।

बता दें, कैलेंण्डर के ले-आउट और संपूर्ण तरह जानकारियों से भरे होने की वजह से आम जनता के बीच काफी कम समय में लोकप्रिय हो रहा है।आज दुर्ग भिलाई सहित अन्य शहरों के शासकीय दफ्तरों के अलावा प्रतिष्ठानों सहित घरों में लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप एवं एस आर हॉस्पिटल एंड कालेज की प्रकाशित कैलेण्डर का लेआउट चर्चित हो रहा है।

# खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स प्रथम संस्करण के लिए चयन ट्रायल 6 से

**बेमेतरा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया पहल के अंतर्गत खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स का प्रथम संस्करण 14 फरवरी 2026 से छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में प्रदेश सहित देशभर के आदिवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 09 खेल विधाओं को सम्मिलित किया गया है। खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों के चयन के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा चयन ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं।

### रायपुर एवं बिलासपुर में होंगे चयन ट्रायल

रायपुर में 06 से 08 जनवरी 2026 तक चयन ट्रायल आयोजित होंगे, जिनमें वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल एवं हॉकी खेल विधाएं शामिल रहेंगी। वहीं बिलासपुर में 07 से 08 जनवरी 2026 तक एथलेटिक्स, तीरंदाजी एवं तैराकी (स्विमिंग) खेलों के लिए चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

### ऑनलाइन पंजीयन सुविधा उपलब्ध

खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स चयन ट्रायल के लिए ऑनलाइन पंजीयन लिंक जारी कर दिया गया है। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथि के पूर्व पंजीयन कर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क चयन ट्रायल, पंजीयन एवं प्रतियोगिता से संबंधित अधिक जानकारी हेतु खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ से संपर्क कर सकते हैं।खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स छत्तीसगढ़ के आदिवासी खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक सुनहरा अवसर है।

### पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेज

चयन ट्रायल में सम्मिलित होने के लिए खिलाड़ी का छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य है, अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग से संबंधित होना आवश्यक है। ट्रायल के समय निम्नलिखित मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र (ओरिजिनल ), आधार कार्ड, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, एथलेटिक्स स्पर्धाएं, एथलेटिक्स चयन ट्रायल में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी निम्न स्पर्धाओं में भाग ले सकेंगे। सभी प्रकार की दौड़, बाधा दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, 10 किलोमीटर पैदल चाल, रिले दौड़, वेटलिफ्टिंग भार वर्ग, पुरुष वर्गः 60, 65, 71, 79, 88, 94, 110 किग्रा एवं 110 किग्रा से अधिक, महिला वर्गः 48, 53, 58, 63, 69, 77, 86 किग्रा एवं 86 किग्रा से अधिक, तैराकी (स्विमिंग) स्पर्धाएं महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में 50, 100, 200 मीटर फ्री स्टाइल, 50, 100 मीटर बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई, 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले, 4-100 मीटर फ्री स्टाइल रिले एवं मेडले रिले, तीरंदाजी प्रतियोगिता तीरंदाजी में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के खिलाड़ी व्यक्ति गत एवं टीम स्पर्धा,रिकर्व एवं कम्पाउंड वर्ग में भाग ले सकेंगे।

# बाईक खरीदने आए ग्राहक ही बाइक को चोरी कर हुआ फरार, आरोपी गिरफ्तार



**बेमेतरा।** मोटर सायकल को बिक्री करने एक ऑनलाईन ऐप में फोटो व कीमत डालने पर बाईक खरीदने आए ग्राहक ही बाइक को चोरी कर फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया और मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया । 02.11.2025 को प्रार्थी रोहित पाल निवासी जेवरा एन थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 8497 को बिक्री करने एक ऐप में फोटो व कीमत डाला था कि 30.10.2025 को एक व्यक्ति अपने मोबाइल नंबर से मुझे फोन किया और मोटर सायकल को खरीदने के लिए डिटेल पुछा और बोला दोपहर में मोटर सायकल को देखने बेमेतरा आउंगा गाड़ी को लेकर बेमेतरा में मिलना बोला। तब दोपहर में अपने दोस्तो दुष्यंत साहू, पवन प्रजापति के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 8497 में बेमेतरा आये, उक्त मोबाईल नम्बर के धारक बस से रायपुर रोड बुलेट शोरूम के पास बेमेतरा आया, तब अपने दोस्तों के साथ बुलेट शो रूम के पास पहुंचकर उक्त व्यक्ति मे साथ लेकर दुर्ग रोड मनसुख होटल सिंधौरी गये, मेरी मोटर सायकल को होटल के सामने खड़ी कर हम सभी होटल के अंदर चले गये, मोटर सायकल का चाबी गाड़ी में ही लगा था। सभी होटल में चाय नास्ता करते हुए गाड़ी खरीदी बिक्री के संबंध में बातचीत करते बैठे थे, शाम करीबन 04:00 बजे उक्त अज्ञात व्यक्ति थोड़ी देर में आता हूं बोलकर होटल के बाहर निकला। कुछ समय बीत जाने के बाद भी उक्त व्यक्ति वापस होटल में नही आया तब बाहर निकलकर देखे तो मेरी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 8497 खड़ी किये स्थान पर नही था तथा उक्त अज्ञात व्यक्ति भी आसपास नही दिखने पर उसके मोबाइल नंबर में फोन करने पर उसका मोबाइल बंद था। मोबाइल नंबर के धारक द्वारा मेरी मोटर सायकल पुरानी इस्तेमाली कीमती करीबन 1,40,000/-रुपये को खरीदी हेतु देखने के लिए बेमेतरा आकर मनसुख होटल के सामने से चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 303 (2) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी रतन जैन उम्र 27 वर्ष को पकडा गया पुछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गए मोटर सायकल पुरानी इस्तेमाली कीमती करीबन 1,40,000/- रुपये को जब्त कर बरामद किया गया। आरोपी रतन जैन पिता जिनेन्द्र जैन उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 44 गुरू घासीदास वार्ड, कसारीडीह दुर्ग जिला दुर्ग को 04 जनवरी 2026 को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक भुषण ठाकुर, आरक्षक नुरेश वर्मा, संजय पाटिल, खुशाल बोरकर, संतोष धीवर सहित थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं सायबर सेल के समस्त पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

# कत्लखाने की ओर मवेशियों की पैदल तस्करी का भंडाफोड़

**कवर्धा।** जिला कबीरधाम के थाना पाण्डातराई क्षेत्र में पुलिस ने मवेशी चोरी एवं क्रूरतापूर्वक अवैध परिवहन के एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि इस संगठित अपराध में 02 नाबालिकों की संलिप्तता भी सामने आई है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान चोरी गया 01 नग भैंसा सहित कुल 21 मवेशियों को सुरक्षित मुक्त कराया, जिन्हें पैदल हांकते हुए कत्लखाना ले जाया जा रहा था। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित कुमार पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बोड़ला अखिलेश कुमार कौशिक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पाण्डातराई कमलाकांत शुक्ला के नेतृत्व में की गई। प्रकरण की शुरुआत 04 जनवरी 2026 को हुई, जब प्रार्थी रोहित यादव, निवासी ग्राम डोंगरिया कला ने थाना पाण्डातराई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 03 जनवरी 2026 की रात्रि उसके घर के कोठा से खुंटे में बंधा 01 भैंसा अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी गया मवेशी तथा अन्य मवेशियों को बिना चारा-पानी दिए, क्रूरता पूर्वक पैदल हांकते हुए डोंगरिया कला से खरहट्टा कला की ओर कत्लखाना ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर किशन कुमार डाहिरे एवं विजय कुमार टंडन, दोनों निवासी ग्राम कुई, थाना कुकदूर, जिला कबीरधाम को 02 नाबालिकों के साथ हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने 20 मवेशियों को अवैध रूप से कत्लखाना ले जाना तथा 01 भैंसा चोरी करना स्वीकार किया। वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई



**2 आरोपी गिरफ्तार, 2 नाबालिक भी शामिल, 21 मवेशी मुक्त**

दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने मौके से 20 नग भैंसा (अनुमानित मूल्य 2,00,000) एवं चोरी गया 01 भैंसा (मूल्य 40,000) जप्त किया। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305(क), छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। दोनों वयस्क आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने पर जिला जेल कवर्धा भेजा गया, जबकि दोनों नाबालिकों को बाल संप्रेक्षण गृह दाखिल किया गया। यह कार्रवाई न केवल मवेशी तस्करी पर एक सख्त संदेश है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि अपराध में नाबालिकों की बढ़ती संलिप्तता एक गंभीर सामाजिक चुनौती बनती जा रही है।

# संयुक्त खदान मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल माइंस हॉस्पिटल राजहरा में डॉक्टरों से मिलकर नए वर्ष की दी बधाई



**दल्लीराजहरा।** संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) का प्रतिनिधिमंडल माइंस हॉस्पिटल राजहरा में डॉक्टरो से मिलकर नए वर्ष 2026 की बधाई दी, साथ ही अपेक्षा की कि आने वाले समय में माइंस के कर्मचारी और उनके परिवार को अच्छी स्वास्थ्य सेवा मिलेगी। यूनियन की ओर से अध्यक्ष निवासलू, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम पटेल, संगठन सचिव राजेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह, राज किशोर मोहंती, नरेंद्र जनबंधु, आरबी सिंह, हेमंत साहू, गजाधर साहू शामिल थे। प्रतिनिधियों ने डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर, डॉक्टर प्रमोद विनायके, डॉक्टर मनोज डहरवाल, डॉक्टर अशोक, डॉक्टर किशोर कौशिक, डॉक्टर इमानुएल मेसी, डॉक्टर मनीला यादव, डॉक्टर पी राजशेखर राव, डॉक्टर प्रियंका शिवप्पा, डॉक्टर शशांक अग्रवाल, डॉक्टर प्रिया पंकज आदि का पुष्प गुच्छ भेटकर अभिवादन किया गया। यूनियन प्रतिनिधियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर से राजहरा माइंस में नर्सिंग स्टाफ की कमी, ड्रेसर की कमी के कारण मरीजों को हो रही तकलीफों आदि के बारे में चर्चा कर कहा कि इनकी भर्ती तत्काल की जानी चाहिए, ताकि मरीज को उचित स्वास्थ्य सेवा समय पर मिल सके। प्रतिनिधियों ने डॉक्टर कौशलेंद्र ठाकुर से कहा कि आने वाले समय में डॉक्टर मनोज डहरवाल सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उनके स्थान पर मेडिसिन वाला डॉक्टर राजहरा माइंस हॉस्पिटल में होना अतिआवश्यक है, क्योंकि डॉक्टर मनोज डहरवाल के जाने से लौह अयस्क समूह राजहरा के सारे कर्मचारियों एवं उनके परिवार की स्वास्थ्य सेवा बहुत प्रभावित होगी, उनके अनुभव का लाभ माइंस कर्मचारी को बहुत मिला है। माइंस हॉस्पिटल में मेडिसिन डॉक्टर तथा नर्सिंग स्टाफ और ड्रेसर की भर्ती प्राथमिकता से किया जाना बहुत आवश्यक है।

# बेदौली में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**हमारी पूजा पद्धति भिन्न हो सकती है गन्तव्य एक है**

**वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकजुटता और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विशेष बल दिया**

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आयोजन**






**गाजीपुर।** जनपद के बेदौली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में आयोजित हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को बेदौली में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकजुटता और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विशेष बल देते हुए कहा विभिन्न पंथों में बंटे होने के बावजूद हम सब एक हैं इसलिए हिंदू घटा तो देश बंटा ।

वहीं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला सह कार्यवाहक विपिन सिंह ने समाज को सचेत करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि जब जब हिंदू समाज की शक्ति कम हुई है या हिंदू घटा है, तब-तब राष्ट्र की सीमाओं को क्षति पहुंची है और देश के टुकड़े हुए हैं। उन्होंने राष्ट्र की अखंडता के लिए हिंदू एकता को अनिवार्य बताया। इसी क्रम में संपूर्णानंद उपाध्याय खंड विस्तारक ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू कोई सीमित पंथ नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण पृथ्वी पर सनातन ही एकमात्र मूल धर्म है, शेष सभी अलग अलग उपासना पद्धतियां या पंथ हैं। हिंदुओं का वास्तविक उत्थान तभी संभव है जब हम जाति, क्षेत्र और भाषा की संकीर्ण दीवारों को तोड़कर स्वयं को केवल और केवल हिंदू मानें। कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए खंड कार्यवाह राघवेन्द्र ने आध्यात्मिक उदाहरणों के माध्यम से हिंदुओं को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी पूजा पद्धतियां भिन्न हो सकती है कोई भगवान शिव को पूजता है, कोई मां काली का भक्त है, तो कोई भगवान बुद्ध का अनुयायी है विभिन्न मतों और संप्रदायों में बंटे होने के बावजूद, हम सभी का गंतव्य एक है। हमें अपनी व्यक्तिगत मान्यताओं के साथ-साथ भारत माता के उत्थान के लिए संगठित होकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान सम्मेलन के आयोजक व निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सतीश चंद्र राय ने सभी आगंतुकों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंदन मास्टर ने की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोशन कुशवाहा, वीरेंद्र यादव, मोहन राम, उमेश गौड़, उर्मिला देवी सहित क्षेत्र के सैकड़ों नर-नारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से भारत माता की आरती के साथ सम्पन्न हुआ।

# कोबिया में तीन दिवसीय मानव जागृति चेतन सतनाम संस्कार समारोह संपन्न

## समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू



**बेमेतरा।** बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र के कोबिया वार्ड में बाबा गुरु घासीदास की जयंती के पावन अवसर पर मानव जागृति चेतन सतनाम सतग्रन्थ समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। समारोह के दौरान प्रवचनकर्ता आयुष्मान रामविलास कुटे के श्रीमुख से बाबा गुरु घासीदास के जीवन दर्शन, सतनाम के संदेश, सामाजिक समरसता, सत्य, अहिंसा और मानव कल्याण पर आधारित प्रेरणादायी प्रवचन का श्रवण उपस्थित श्रद्धालुओं ने किया। प्रवचनों के माध्यम से बाबा के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

# एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए आशीष छाबड़ा



**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा के ग्राम देवादा में आयोजित एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस दौरान पूर्व विधायक ने खेल का उद्घाटन करते हुए कहा कि कबड्डी हमारे देश की पारंपरिक खेल है और इस खेल के माध्यम से हम सभी न केवल रोमांच का अनुभव करते हैं बल्कि यह खेल हमें आपस में आपसी भाईचारे और समरसता का भी अनुभव करता है ग्रामीण अंचलों में खेल सुविधा के अभाव के बावजूद बहुत ही अच्छे कबड्डी के खिलाड़ी निकल रहे हैं जो बहुत ही खुशी और हर्ष का विषय है खेल के माध्यम से न केवल हम अपने शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को भी आगे बढ़ा रहे हैं यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि ग्राम देवादा में छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें पूरे आंचल से कबड्डी की टीम में भाग लेने के लिए आई हुई है मैं आयोजको को इस आयोजन के लिए अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका परिचय प्राप्त किया इस अवसर पर रवि परगनिहा भरत भूषण साहू शुभम वर्मा चंद्र कुमार परगनिहा विवेक राजपूत चंद्र कांत साहू सूर्य कांत परगनिहा संतोष वर्मा फेरहा पाल रामखिलावन वर्मा कांशी ठाकुर हीरा निषाद बैसाखू राम निषाद कवल यादव जितेश्वर परगनिहा शशि मधुकर मनहरण मधुकर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com